रोहतक

रविवार, 14 जुलाई 2024

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 168
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

**मौसम**

अधि. 37.5
न्यून. 25.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



03 भारत ने जीती सीरीज, जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदा, बनाई 3-1 से बढ़त


दीन दयाल जन आवास योजना

RERA REGISTRATION NO.: HRERA-PKL-JJR-534-2024

# दीन दयाल हरियाणा प्लॉट

UNDER DEEN DAYAL JAN AWAS YOJNA 2016, GOVERNMENT OF HARYANA

Payment Plan 10:40:25:25

## फ्री होल्ड आवासीय प्लॉट
## सेक्टर–30, झज्जर–एनसीआर, हरियाणा


RERA REGISTERED

General Public is hereby informed that Affordable plots under Deen Dayal Jan Awas Yojna is open for Registration

**33% महिलाओं एवं सरकारी कर्मचारियों के लिए आरक्षित**




## हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृत दीन दयाल आवास योजना में अपना प्लाट
## मात्र ₹ 42 लाख 42 हजार से शुरू !



Gymnasium



Attached Market



CCTV Camera



Kids Play Area



Multipurpose Court



Swimming Pool




24x7 Security

**UNBELIEVABLE PRICES * PRIME LOCATION * SMART INVESTMENTS**

## Pay Just Rs 40,000/- for Registration

(Registration Amount refundable to all unsuccessful applicants)

**LOAN APPROVED FROM ALL LEADING BANKS**

**Today is Last Date of Registration** | **Allocation Date: 16th July, 2024**

**Payment Plan**

| Type | Plot Size (Sq. Yd.) | Plot Size (Sq. Mtr.) | Registration Amount | 10% within 5 days | 40% within 30 days | 25% within 90 days | 25% Payment on Possession | Total Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Type-A | 113.14 | 94.59 | ₹ 40,000 | ₹ 3,84,275 | ₹ 16,97,100 | ₹ 10,60,688 | ₹ 10,60,688 | ₹ 42,42,750 |
| | 116.14 | 97.09 | ₹ 40,000 | ₹ 3,95,525 | ₹ 17,42,100 | ₹ 10,88,813 | ₹ 10,88,813 | ₹ 43,55,250 |
| | 117.78 | 98.46 | ₹ 40,000 | ₹ 4,01,675 | ₹ 17,66,700 | ₹ 11,04,188 | ₹ 11,04,188 | ₹ 44,16,750 |
| | 119.40 | 99.82 | ₹ 40,000 | ₹ 4,07,750 | ₹ 17,91,000 | ₹ 11,19,375 | ₹ 11,19,375 | ₹ 44,77,500 |
| | 121.07 | 101.21 | ₹ 40,000 | ₹ 4,14,013 | ₹ 18,16,050 | ₹ 11,35,031 | ₹ 11,35,031 | ₹ 45,40,125 |
| | 122.61 | 102.50 | ₹ 40,000 | ₹ 4,19,788 | ₹ 18,39,150 | ₹ 11,49,469 | ₹ 11,49,469 | ₹ 45,97,875 |
| | 124.37 | 103.97 | ₹ 40,000 | ₹ 4,26,388 | ₹ 18,65,550 | ₹ 11,65,969 | ₹ 11,65,969 | ₹ 46,63,875 |
| | 127.15 | 106.30 | ₹ 40,000 | ₹ 4,36,813 | ₹ 19,07,250 | ₹ 11,92,031 | ₹ 11,92,031 | ₹ 47,68,125 |
| | 129.27 | 108.07 | ₹ 40,000 | ₹ 4,44,763 | ₹ 19,39,050 | ₹ 12,11,906 | ₹ 12,11,906 | ₹ 48,47,625 |
| Type-B | 148.75 | 124.36 | ₹ 40,000 | ₹ 5,17,813 | ₹ 22,31,250 | ₹ 13,94,531 | ₹ 13,94,531 | ₹ 55,78,125 |
| | 159.42 | 133.28 | ₹ 40,000 | ₹ 5,57,825 | ₹ 23,91,300 | ₹ 14,94,563 | ₹ 14,94,563 | ₹ 59,78,250 |
| | 160.96 | 134.56 | ₹ 40,000 | ₹ 5,63,600 | ₹ 24,14,400 | ₹ 15,09,000 | ₹ 15,09,000 | ₹ 60,36,000 |

Taxes & other charges as applicable*

**Location Advantage**

- Reliance MET City, KMP Exp.-10 Min.
- AIIMS-Jhajjar-20 Min.
- Dwarka Expressway- 30 Min.
- Indospace Industrial Park -5 Min.
- Bus Stand-Jhajjar-1.5 km.,
- Railway Station/Civil Hospital 3 km.

**For Online Registration :**
**www.deendayalharyanaplots.com**
**☎ +91-98102-39739**

Scan with Google lens & Register

# झूठी घोषणाएं कर जनता को बरगला रहा विपक्ष, विकास के नाम पर तीसरी बार भी सरकार बनाएगी भाजपा : कैप्टन अभिमन्यु

## पूर्व वित्तमंत्री ने खेड़ी चोपटा व बास मंडल के कार्यकर्ताओं में जोश भरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि पूरे प्रदेश में ऐतिहासिक विकास कार्य करवा कर भाजपा ने 36 बिरादरी के लोगों का मान-सम्मान किया है। विकास के नाम पर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु शनिवार को खेड़ी चोपटा व बास मंडल की कार्यकर्ताओं की बैठक में संबोधित कर रहे थे। कैप्टन अभिमन्यु ने बताया कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी का संगठन ऊपर से नीचे तक मजबूती से काम कर रहा है। संगठन को और भी ज्यादा मजबूती देने के लिए मंडल स्तर पर बैठक की जा रही है। कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचने का काम करें ताकि लोगों को उनका फायदा हो सके। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि विपक्षी पार्टियों लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। चुनावी मौसम में सत्ता पाने के लिए विपक्षी पार्टियां झूठी घोषणाएं कर रही है। देश की प्रधानमंत्री ने देश को अलग पहचान दिलाने के लिए बड़े स्तर पर कार्य किए हैं। आज हमारे देश की विदेशों में भी धाक है। कुछ लोगों ने षड्यंत्र के तहत लोगों को गुमराह करने का काम किया था लेकिन देश की जनता ने तीसरी बार फिर केंद्र में भाजपा की सरकार बना कर देश को विकसित करने में अपना अहम योगदान दिया है। प्रदेश को भी और बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए तीसरी बार भाजपा की सरकार बनानी होगी।

■ कैप्टन अभिमन्यु ने कहा, भाजपा ने 36 बिरादरी का मान-सम्मान किया


नारनौंद। खेड़ी चोपटा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।


नारनौंद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व वित्तमंत्री।

### पार्टी को मजबूत करने में जुट जाएं

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि चुनाव में काफी कम समय बचा है इसलिए पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पूरी मेहनत के साथ पार्टी को मजबूत करने के लिए मेहनत से जुट जाएं। बाहरी नेताओं ने अपने फायदे के लिए हल के विकास का पहिया रोक दिया गया। लेकिन एक बार फिर हलके की जनता विकास के पहियों को तेज करने का काम करेगी। इस अवसर पर मंडल प्रधान आजाद शर्मा, पार्षद संजय खरब, कुलदीप गौतम, रमेश मर्चिपुर, छत्रपाल गोयत, राजेश कोथ, नरेश कुमार, महावीर खेड़ी, साधुराम आदि विशेष तौर पर मौजूद थे।

# भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की

**चंडीगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश व्यास तथा उप निर्वाचन आयुक्त हृदेश कुमार ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर हरियाणा राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल और राज्य के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हरियाणा में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष लोक सभा निर्वाचन संपन्न कराने पर देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की ओर से हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं पूरे राज्य की निर्वाचन टीम को बधाई दी। बैठक में राज्य के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा अपने जिले में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### खुली निविदा सूचना

पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्लू- I/NIT-22-27 दिनांक: 12.07.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत डीयूके और एनके अनुभाग पर पुलों की मरम्मत और रखरखाव आदि के लिए वार्षिक ब्रिज जोन कार्य।<br>2. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत डीयूके पर पुलों की मरम्मत और रखरखाव आदि के लिए वार्षिक ब्रिज जोन कार्य।<br>3. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के अनुभाग में एलएचएस की डीवाटरिंग, नाबदान कुओं की डीसिल्टिंग, सफाई या जलमार्ग और पुलों और एलएचएस के अन्य रखरखाव कार्य।<br>4. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत एसएसई/डब्ल्यू/पानीपत के अनुभाग में पीएनपी में टी-96 (4 यूनिट), टी-71 (8 यूनिट) की आरसीसी छत पर जैक आर्च छत को बदलकर स्टाफ क्वार्टरों की प्रमुख मरम्मत और पीएनपी में टाइप-I क्वार्टरों को टाइप-II क्वार्टर्स ई-6(6 यूनिट) में परिवर्तित करना।<br>5. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के तहत डीयूके सेक्शन पर सुरक्षा बाड़/प्रीकास्ट/आरसीसी/स्लीपर/एंटीक्रैश बैरियर प्रकार की चारदीवारी का प्रावधान।<br>6. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत डीयूके सेक्शन पर सुरक्षा बाड़/प्रीकास्ट/आरसीसी/स्लीपर/एंटीक्रैश बैरियर प्रकार की चारदीवारी का प्रावधान। |
| 2 | अनुमानित लागत | (1) रु. 7281467.35/- (2) रु. 7015798.16/- (3) रु. 9317116.70/- (4) रु. 9284192.74/- (5) रु. 97991895.84/- (6) रु. 97991895.84/- |
| 3 | धरोहर राशि | (1) रु. 145600/- (2) रु. 140300/- (3) रु. 186400/- (4) रु. 185700/- (5) रु. 640000/- (6) रु. 640000/-<br>(यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आईआरईपीएस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4 | समापन अवधि | क्रम संख्या (1) से (6) 12 महीने |
| 5 | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 06.08.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 06.08.2024 को 15:00 बजे। |
| 6 | निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| 7 | इस कार्य के लिए सामान प्रकार के कार्य | समान प्रकार के कार्य: क्रम संख्या 1 से 6 के लिए: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

नोट :- शपथ पत्र संलग्नक XXIII अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। 2138/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## खबर संक्षेप

### शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को आगे बढ़ाया : त्रिखा

**चंडीगढ़।** हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। जिससे प्रदेश में शिक्षा का स्तर बढ़ा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में सरकार विद्यार्थियों को सुगम और अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, इस दिशा में काम हो रहा है।

### आने वाला समय कांग्रेस का : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि देश के सात राज्यों बहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के इंडिया गठबंधन ने 11 सीटें जीत कर भाजपा को करारी मात दी है। इस चुनाव परिणाम से साबित हो गया है कि देश की जनता भाजपा के झूठ से परेशान हो चुकी है और वह कांग्रेस की नीतियों में विश्वास व्यक्त कर रही है। आने वाला समय कांग्रेस का है।

## मुख्यमंत्री बोले, पूर्व की सरकारों ने बीसी समाज के साथ न्याय नहीं किया

# बीसी सम्मान सम्मेलन की तैयारी में जुटी भाजपा, 16 को अमित शाह पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि 16 जुलाई को होने वाले राज्य स्तरीय बीसी सम्मान सम्मेलन में हरियाणा के कोने-कोने से नागरिक पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने में यह सम्मेलन मजबूत नींव साबित होगा। बाबा जयराम दास की इस पवित्र धरती पर देश के गृहमंत्री अमित शाह का जोरदार स्वागत किया जाएगा।

■ सम्मेलन तीसरी बार सरकार बनाने में मजबूत नींव साबित होगा

### मुख्यमंत्री ने दिया न्योता

सीएम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में सरकार का गठन हुआ है मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में होने वाले बीसी सम्मान सम्मेलन में भारी संख्या में पहुंचकर इस कार्यक्रम को कामयाब बनाएं। उन्होंने बैठक के दौरान एक-एक पदाधिकारी से इस कार्यक्रम के संबंध में रूपरेखा सांझा की। इस मौके पर विधायक व बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद्र गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणवीर सिंह गंगवा, वित्त मंत्री जे पी दलाल, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कर्ण देव कंबोज, बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, रामचंद्र जांगड़ा, कृष्ण लाल पंवार सांसद चौधरी धर्मबीर, मंत्री अभय सिंह यादव, परिवहन मंत्री असीम गोयल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



नारनौल। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सम्मान करते मोहन लाल बड़ौली।

### भाजपा ने विकास को दी नई दिशा : सीएम

उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों के दौर में ओबीसी समाज के साथ कभी न्याय नहीं हुआ, केवल बातें होती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओबीसी समाज को सम्मान देने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में इसी धरती पर प्रधानमंत्री की ऐतिहासिक रैली हुई थी। इस कार्यक्रम में भी हमें उसी परंपरा को कायम रखना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में विश्व स्तर की सड़कें बनाकर प्रदेश की दूरी को कम करने का कार्य किया है। अब आखरी छोर पर स्थित जिला महेंद्रगढ़ में कुछ ही घंटे में पहुंच जाते हैं। ऐसे में प्रदेश के हर गांव से लोगों की भारी हाजिरी को सुनिश्चित किया जाए।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आबंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:-

| ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-13-2024 | दिनांक 29.07.2024 को 11:00 बजे | प्रगति मैदान रेलवे स्टेशन के नजदीक (10,000 Sq.Mtrs.), मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), नया गाजियाबाद, गाजियाबाद (2nd Entry) भूरसाइट (2430.46 Sq.Mtrs एक साल के लिए), गाजियाबाद (सिटीसाइड) (2534.90 वर्गमीटर), दिल्ली सराय रोहिल्ला (कार), दिल्ली (PF-16) (B-T-T), शकूरबस्ती, नई दिल्ली (AGS Side) (TW parking), करनाल (641.62 वर्ग मीटर), कुरुक्षेत्र 1st Entry, पटेल नगर = कुल 12 साइटें। |
| Parking-14-2024 | दिनांक 30.07.2024 को 11:00 बजे | दिल्ली 2nd Entry KGS Side (TW Parking), साहिबाबाद, बुढलाडा, बरेटा, कुरुक्षेत्र 2nd Entry कुरुक्षेत्र Site 2, पानीपत 1st Entry, साहबाद मारकंडा, मुरादनगर, सांपला (Main Entry), सांपला (2nd Entry), खतौली = कुल 12 साइटें। |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | | https://ireps.gov.in/ |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएं | | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:<br>1. इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरईपीएस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।<br>2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान<br>3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता<br>4. आईआरईपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण<br>5. फण्ड का लियन मार्किंग<br>6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)<br>7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। |
| संबंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/ पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 E-Mail: pkg.delhidivision@gmail.com Tel.:011-23743084 |

सं.: 23AC/393/E-Auction/2022 दिनांक: 12.07.2024 2129/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अमित शाह से मिले बंडारू दत्तात्रेय


नई दिल्ली। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

## आप में शामिल हुई पूर्व मंत्री शेर सिंह की बेटी गीता चौधरी




**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता की अध्यक्षता में पूर्व मंत्री स्वर्गीय शेर सिंह की बेटी गीता चौधरी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। इस मौके पर स्टेट जॉइंट सेक्रेटरी योगेश्वर शर्मा, ज्वाइनिंग कमेटी प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश गुर्जर, प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र राठी और अंबाला लोकसभा उपाध्यक्ष अनिल पंगोत्रा मौजूद रहे। इस दौरान डॉ. सुशील गुप्ता ने विधानसभा उपचुनाव में पंजाब के जालंधर से पश्चिमी सीट पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मोहिंदर भगत के 37325 वोटों से जीतने पर बधाई दी।

## प्रदेश में अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और लुटेरों का बोलबाला : दुष्यंत

**चंडीगढ़।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार में आज प्रदेश की प्रशासनिक, कानून व्यवस्था का बेहद बुरा हाल है और राज्य में अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और लुटेरों का बोलबाला है। शनिवार को पूर्व डिप्टी सीएम चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर भाजपा सरकार की पोल खोलते हुए सरकार से जवाब मांगे। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सीएम नायब सैनी ने शपथ के उपरांत अपराधियों को प्रदेश छोड़ने की बात कही थी लेकिन आज प्रदेश की कानून व्यवस्था का इतना बुरा हाल है कि सरेआम फिरौती, डकैती, फायरिंग, मर्डर जैसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हांसी में जेजेपी नेता रविंद्र सैनी के हत्यारे आज भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।



## पुर्तगाल में बैठकर चला रहा दर्जनों शार्प शूटर्स का सिंडिकेट

# जुर्म की दुनिया का छोटा डॉन बना रोहतक का हिमांशु भाऊ

मनोज भल्ला ▶▶ रोहतक

सोनीपत में शुक्रवार रात हुई गैंगस्टर और पुलिस की मुठभेड़ के बाद एक बार फिर हिमांशु भाऊ का नाम सुर्खियों में आ गया है। हरियाणा के छोटे डॉन के नाम से फेमस हिमांशु भाऊ की आज जुर्म की दुनिया में तूती बोल रही है। वह पुर्तगाल में बैठकर दर्जनों शार्प शूटर्स का सिंडिकेट चला रहा है। जिस तरह छोटा राजन ने अंडरवर्ल्ड के दाउद इब्राहिम से सीधी टक्कर ली थी उसी तरह रोहतक का हिमांशु भाऊ कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ से भी सीधी टक्कर ले रहा है।


■ शुक्रवार रात सोनीपत में बदमाशों व पुलिस की मुठभेड़ के बाद फिर चर्चा आया हिमांशु भाऊ

### हत्या सहित कई मामलों में वांटेड

हरियाणा से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक भाऊ की दहशत है। इस कुख्यात गैंगस्टर पर हत्या, लूट, फिरौती, धोखाधड़ी सहित दर्जनों केस दर्ज हैं। खुफिया एजेंसियां कई सालों से भाऊ की तलाश में खाक छान रही हैं मगर वह कभी हाथ नहीं लगा।

## रोहतक के टिटोली का रहने वाला भाऊ 17 साल की उम्र में जुर्म की दुनिया से जुड़ गया गया

रोहतक के टिटोली गांव का हिमांशु केवल 17 साल की उम्र में जुर्म की दुनिया से जुड़ गया था। छोटी सी उम्र में फायरिंग कर दहशत मचाने वाले हिमांशु को हिसार के बाल सुधार गृह भेजा गया था लेकिन वह वहां से फरार हो गया। इसके बाद वह दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना से जुड़ गया और फर्जी पासपोर्ट से विदेश चला गया। इसके बाद वह हिमांशु भाऊ के नाम से जाना जाने लगा। हिमांशु भाऊ ने बहुत कम समय में भारत और विदेशों में दहशत का ऐसा नेटवर्क खड़ा कर लिया। आज भाऊ पुर्तगाल में बैठकर हरियाणा और दिल्ली में अपना गैंग चला रहा है। कई राज्यों के गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के साथ मिलकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।



### एनआईए की हिट लिस्ट

22 साल का डॉन हिमांशु भाऊ एनआईए की हिट लिस्ट में टॉप पर है। इंटरपोल ने उसकी गिरफ्तारी के लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया हुआ है। खुफिया एजेंसियों के अतिरिक्त कई राज्यों की पुलिस इसे ढूंढ रही है। हरियाणा पुलिस और एनआईए अब तक दो बार हिमांशु भाऊ के ठिकानों पर रेड कर चुकी है लेकिन इस कुख्यात गैंगस्टर का कोई सुराग नहीं मिला। इंटरपोल को हिमांशु भाऊ की आखिरी लोकेशन पुर्तगाल में मिली थी। पिछले महीने जून में हरियाणा पुलिस को अहम खबर मिली थी कि हिमांशु भाऊ के बेहद खास शूटर साहिल को अमेरिका की सुरक्षा एजेंसियों ने डिटेन किया है। एनआईए और हरियाणा पुलिस अभी तक साहिल को भारत नहीं ला पाई है।

## भाऊ का खास शूटर साहिल गिरफ्त में

एनआईए को उम्मीद है कि साहिल से हिमांशु भाऊ की लीड मिल सकती है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने भाऊ गैंग के शूटर अभिषेक उर्फ चूरन को पकड़ने में सफलता हासिल की थी और अजय उर्फ गोली का एनकाउंटर भी किया था लेकिन पुलिस को गैंग के सरगना तक पहुंचने में कोई कामयाबी नहीं मिली।

### 2024 की तीन दहशत भरी वारदातें

- 21 जनवरी सोनीपत के गोहाना में मशहूर मातूराम हलवाई की शॉप पर 48 राउंड फायरिंग करवाई और 2 करोड़ की फिरौती मांगी
- 10 मार्च को हरियाणा के मशहूर गुलशन ढाबे पर 35 राउंड फायरिंग के बाद शराब कारोबारी सुंदर मलिक की हत्या
- 18 जून को दिल्ली के प्रसिद्ध बर्गर किंग आउटलेट पर 40 राउंड फायरिंग और हत्या, हत्याकांड के तीनों शूटर कल रात मुठभेड़ में ढेर हो गए


## दिल्ली-अम्बाला सेक्शन पर ट्रैफिक ब्लॉक के कारण 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली-अम्बाला सेक्शन के मोहरी स्टेशन पर नये फुटओवर ब्रिज के गर्डर संस्थापित किये जायेंगे। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 19.07.2024 को 03:10 बजे से 06:10 बजे तक (3 घंटे) की अवधि के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|
| 04139 कुरुक्षेत्र जं.-अम्बाला जं. मेमू विशेष | 18.07.2024 |
| 04140 अम्बाला जं.-कुरुक्षेत्र जं. मेमू विशेष | 19.07.2024 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि(याँ) (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 11906 होशियार पुर-आगरा कैंट एक्सप्रेस | लुधियाना जं.-धुरी-जाखल जं.-नई दिल्ली | 18.07.2024 |
| 12446 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस | | 18.07.2024 |

**रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण**

रेलगाड़ी संख्या 12426 जम्मू तवी-नई दिल्ली एक्सप्रेस दिनांक 18.07.2024 को जम्मू तवी से (150 मिनट विलम्ब) से 23:55 बजे प्रस्थान करेगी।

**रेलगाड़ियों का विनियमन**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | विनियमन की अवधि | तिथि(याँ) आरंभिक स्टेशन से |
|---|---|---|
| 04076 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्स. विशेष | अम्बाला मंडल में 35 मिनट | 18.07.2024 |
| 19411 साबरमती-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस | ढोला माजरा पर 20 मिनट | 18.07.2024 |

नोटः विशेष अथवा विलम्ब से चलने वाली रेलगाड़ियों को तद्नुसार रोक कर चलाई जायेंगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2144/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रोहतक
रविवार, 14 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 168
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 37.5
न्यून. 25.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




06 मप्र और उप्र समेत आठ राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी


K.R. MANGALAM UNIVERSITY
Gurugram, Delhi-NCR | www.krmangalam.edu.in
(Recognized by UGC and a member of AIU)
Thanks for making us the MOST PREFERRED UNIVERSITY
6 Lakh+ Registrations
for UG & PG Programmes as per CUET 2023 & 2024
No.1 HARYANA — Ranked #1 in Haryana amongst all B-Schools as per Times School survey 2024 by The Times of India
No.5 NORTH INDIA — Amongst all private engineering colleges & universities by BW BUSINESSWORLD Ranking 2022
Admissions Open | Scholarships Worth ₹21 Cr | 8800012938 | 8800012939 | Admissions Office Open 7 Days a Week






## अंदर के पन्नों पर


- जुर्म की दुनिया का छोटा डॉन बना रोहतक का हिमांशु भाऊ पेज-2
- तीन से चार सालों में 8 करोड़ नए रोजगार बने पेज-5
- संयुक्त राष्ट्र को जारी रहेगी भारत की मदद पेज-6


## खबर संक्षेप

### रक्षा मंत्री राजनाथ को एम्स से छुट्टी मिली



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को यहां एम्स से छुट्टी दे दी गई। दो दिन पहले पीठ में दर्द होने की शिकायत के बाद सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एम्स मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉक्टर रीमा दादा के अनुसार सिंह के पीठ दर्द का उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि सिंह को शनिवार अपराह्न दो बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई। भाषा

### एचएसएससी में तीन नए सदस्यों की नियुक्ति

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने शनिवार को हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) में तीन नए सदस्यों की नियुक्ति की है। सरकार ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। प्रदेश के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा जारी आदेशों के अनुसार करनाल के कपिल अतरेजा, यमुनानगर में जगाधरी के अमर सिंह और गुरुग्राम के भूपेंद्र चौहान को एचएसएससी में सदस्य नियुक्त किया गया है। इन सभी का कार्यकाल तीन साल का होगा। ब्यूरो

### नाइजीरिया में स्कूल की छत गिरने से 22 छात्रों की मौत

**प्लातोह।** नाइजीरिया में एक दो मंजिला स्कूल की इमारत गिरने से 22 छात्रों की मौत हो गई। 100 से अधिक घायल हैं। ये हादसा प्लातोह प्रांत के बुसा बुजी समुदाय में सेंट्स एकेडमी कॉलेज में हुआ। इनमें से अधिकांश छात्रों की उम्र 15 से कम है। पुलिस प्रवक्ता अलफ्रेड अलाबो ने कहा कि मलबे में 154 छात्र फंसे हुए थे। इनमें से 132 को सुरक्षित निकाल लिया गया। रेस्क्यू किए गए छात्रों का उपचार विभिन्न अस्पतालों में किया जा रहा है। भाषा

### क्लैट 2024 के लिए 15 से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** वकालत के क्षेत्र में यूजी और पीजी कोर्स में एडमिशन के लिए आयोजित होने वाले कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू होने की तारीख जारी हो गई है। कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की ओर से कराई जाने वाली ये परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 जुलाई से शुरू हो रहा है। यह एक राष्ट्रीय स्तर का एग्जाम है जो बैचलर और मास्टर्स लेवल के लॉ कोर्सेस में एडमिशन के आयोजित होता है। एजेंसी

## गृह मंत्रालय ने अब दिल्ली की तरह दिए अधिकार

# कश्मीर के एलजी की शक्तियां बढ़ीं ट्रांसफर-पोस्टिंग में मंजूरी जरूरी

- अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत किया गया बदलाव
- उप राज्यपाल के पास पुलिस कानून व्यवस्था से जुड़े अधिकार होंगे
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन भी जारी किया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली/श्रीनगर

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) की प्रशासनिक शक्तियां अब बढ़ा दी। दिल्ली की तरह अब कश्मीर में राज्य सरकार एलजी की मंजूरी के बिना अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर नहीं कर सकेगी। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत बदले हुए नियमों को अधिसूचित किया है, जिसमें एलजी को ज्यादा ताकत देने वाली धाराएं जोड़ी गई हैं। उपराज्यपाल के पास अब पुलिस, कानून व्यवस्था और ऑल इंडिया सर्विस (एआईएस) से जुड़े मामलों में ज्यादा अधिकार होंगे। केंद्र ने सिर्फ व्यापार नियमों के लेनदेन में संशोधन किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में बाकी चीजों का जिक्र पहले से ही था। हालांकि एजेंसी ने गृह मंत्रालय का जो नोटिफिकेशन जारी किया है, उसमें पहले के प्रावधान और 12 जुलाई को किए गए बदलावों के बीच स्पष्ट अंतर की जानकारी नहीं दी गई है। नए नियमों से काफी कुछ बदल जाएगा।

### संशोधित नियम



- **42एः** पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से जुड़े किसी भी प्रस्ताव को तब तक मंजूर या नामंजूर नहीं किया जा सकता, जब तक मुख्य सचिव के जरिए उसे उपराज्यपाल के सामने नहीं रखा जाए। अभी इनसे जुड़े मामलों में वित्त विभाग की सहमति लेना जरूरी है।
- **42बी :** किसी प्रकरण में केस चलाने की मंजूरी देने या ना देने और अपील अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि विभाग मुख्य सचिव के जरिए उपराज्यपाल के सामने रखा जाना जरूरी होगा।
- जम्मू-कश्मीर में इसी साल सितंबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ताजा फैसले के बाद राज्य में सरकार किसी भी पार्टी की बने, लेकिन अहम फैसले लेने की शक्तियां एलजी के पास ही रहेंगी।

### एलजी से भीख मांगनी पड़ेगी

एक और संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव नजदीक हैं। यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण, अविभाजित राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए समय सीमा तय करने की दृढ़ प्रतिबद्धता इन चुनावों के लिए शर्त है। लोग शक्तिहीन, रबर स्टाम्प सीएम से बेहतर के हकदार हैं, जिन्हें चपरासी की नियुक्ति के लिए भी एलजी से भीख मांगनी पड़ेगी। - उमर अब्दुल्ला पूर्व मुख्यमंत्री जम्मू कश्मीर

(पेज 5 भी देखें)

### अधिसूचना में ये कहा

- पुलिस, लोक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के संबंध में वित्त विभाग की पूर्व सहमति की आवश्यकता वाले किसी भी प्रस्ताव को तब तक स्वीकार या अस्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक कि इसे मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल के समक्ष नहीं रखा जाता।
- विधि, न्याय और संसदीय कार्य विभाग, न्यायालय की कार्यवाही में महाधिवक्ता की सहायता के लिए महाधिवक्ता और अन्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के माध्यम से उपराज्यपाल के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगा।
- अभियोजन मंजूरी प्रदान करने या अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि, न्याय और संसदीय कार्य विभाग द्वारा मुख्य सचिव के माध्यम से उपराज्यपाल के समक्ष रखा जाएगा।
- यह प्रावधान भी किया गया है कि कारागार, अभियोजन निदेशालय और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला से संबंधित मामले मुख्य सचिव के माध्यम से गृह विभाग के प्रशासनिक सचिव द्वारा उपराज्यपाल को प्रस्तुत किए जाएंगे।

## पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण रोकने को दो योजनाएं लॉन्च

सीएम नायब सिंह सैनी ने करनाल में योजनाओं का किया ऐलान

# हर जिले में 5 से 100 एकड़ में लगाएंगे 'ऑक्सी' वन

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने शनिवार को करनाल में आयोजित 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में ऐलान किया कि अब प्रदेश के हर जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए 5 से 100 एकड़ जमीन पर ऑक्सी वन लगाएं जाएंगे। इस योजना की शुरूआत पहले हो चुकी है। वर्ष 2022-23 में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 22 ऑक्सी वन स्थापित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही सीएम ने शनिवार को पर्यावरण संरक्षण एंव प्रदूषण से बचाव के लिए दो महत्वाकांक्षी योजनाएं लॉन्च की। इनमें पहली योजना वन मित्र और दूसरी एक पेड़ मां के नाम शामिल है। इन योजनाओं के तहत वन मित्र गड्ढे खोदकर पेड़ लगाने के साथ-साथ उसका संरक्षण भी करेंगे। वन मित्र योजना के तहत उन्हें प्रति पेड़ सरकार द्वारा 20 रुपये दिए जाएंगे। वहीं, एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत लोगों द्वारा लगाए गए पेड़ों को संरक्षण के लिए वन मित्रों को सौंपा जाएगा। इस काम के लिए सरकार वन मित्रों को प्रति पेड़ के हिसाब 10 रुपये देगी। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पांच जून को एक पेड़ मां के नाम योजना शुरू की थी।



- करनाल में 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव का भव्य आयोजन
- वन मित्र योजना के तहत एक पेड़ लगाने व संरक्षण पर प्रति पेड़ 20 रुपये देंगे
- एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत वन मित्र को प्रति पेड़ 10 रुपये दिए जाएंगे
- करनाल में आक्सीवन का उद्घाटन, लोगों ने एक साथ लगाए 20 हजार पौधे

### ऑक्सीजन मिलेगी, पर्यावरण सुधरेगा

मुख्यमंत्री ने करनाल में स्थापित आक्सी वन का उद्घाटन किया। 40 हेक्टयेटर क्षेत्र में स्थापित किए जा रहे इस आक्सी वन का 5 जून 2021 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिलान्यास किया था। आक्सी वन में 9 प्रकार के वन विकसित किए जा रहे हैं। इसमें 10 हजार पेड़ पहले लगाए गए थे और शनिवार को सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं, छात्रों और एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक साथ 20,000 और पौधे लगाए गए हैं।

**प्रदेश में अब तक 22 ऑक्सी वन स्थापित हो चुके**

मुख्यमंत्री ने कोविड महामारी का उल्लेख करते हुए कहा कि कोविड हमें यह सीख दे गई थी कि इस धरती पर जीवन को बचाए रखने के लिए आक्सीजन सबसे महत्वपूर्ण है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए हर जिले में 5 से 100 एकड़ क्षेत्रफल पर ऑक्सीवन बनाने की योजना की शुरूआत की। वर्ष 2022-23 में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 22 ऑक्सीवन स्थापित किए गए हैं। जिला पंचकूला में ऑक्सीवन स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है। शनिवार को करनाल में ऑक्सीवन का उद्घाटन भी सीएम ने किया।

# फौजी ने की थी प्रेमिका की हत्या, घग्घर में फेंका शव

## फतेहाबाद में ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझी

- शादी का दबाव बनाया तो फिल्म देखने के बहाने कार में बैठाकर ले गया रामफल
- रास्ते में मार डाला और शव ठिकाने लगाकर ड्यूटी पर चला गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद/रतिया

करीब 5 माह पहले घग्घर नदी में बोरी में मिले युवती के शव के मामले में ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी शनिवार को सुलझ गई। पुलिस ने मामले में पड़ोसी गांव के एक फौजी को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि युवती और फौजी के बीच प्रेम प्रसंग था। युवती शादीशुदा फौजी पर विवाह के लिए दबाव बना रही थी। इसी कारण फौजी ने चुन्नी और चार्जर की तार से युवती का गला घोटकर मार डाला। यह घटना 4-5 फरवरी की है। युवती की हत्या के बाद आरोपित ने शव को बोरी में डालकर घग्घर नदी में फेंक दिया और खुद ड्युटी पर चला गया।



### 15 फरवरी को मिला शव

डीएसपी संजय बिश्नोई ने बताया कि पुलिस ने 15 फरवरी को रतिया से गुजर रही घग्घर नदी में बोरी से युवती शव बरामद किया था। करीब पांच माह बाद इस हत्याकांड का खुलासा हुआ है और मामले में आरोपित फौजी को गिरफ्तार कर लिया है। मंघेड़ा निवासी परिवार ने युवती की शिनाख्त बेटी गोशा के रूप में की थी। बताया था कि उनकी बेटी टोहाना के अस्पताल में स्टाफ नर्स थी। 4 फरवरी को वह घर से 24 घंटे की ड्यूटी कहकर गई थी। 5 फरवरी को वह वापस नहीं आई तो उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

### ऐसे पकड़ा गया आरोपित

पुलिस जांच में तो पता चला कि गांव जाबतेवाला का फौजी रामफल युवती के संपर्क में था। वह छुट्टी पर गांव आया था। पुलिस को उस पर संदेह था। अब वह जैसे ही छुट्टी पर गांव आया तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

### एक साथ दोनों स्कूल में पढ़ते थे

पूछताछ में रामफल फौजी ने बताया कि उसकी युवती से मित्रता थी। वह शादीशुदा है। उसने बताया कि दोनों स्कूल में साथ पढ़ते थे। बाद में वह सेना में चला गया और लड़की अस्पताल में नर्स लग गई थी। मित्रता चलती रही। युवती उस पर शादी के लिए दबाव बना रही थी। इसके बाद उसने उसे रास्ते से हटाने की सोची और वह युवती को फतेहाबाद में फिल्म दिखाने के बहाने कार में टोहाना से ले गया। जहां रास्ते में चुन्नी और चार्जर की तार से उसका गला घोंट दिया। शव को बोरी में डालकर घग्घर में फेंक दिया। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि गाड़ी चला रहा एक और शख्स भी उसके साथ । पुलिस उसको भी हिरासत में लेगी। मामले में दो-तीन अन्य लोग भी संलिप्त हो सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने कहा

# नीट मामले पर सीबीआई ने देरी से दिया हलफनामा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने नीट मामले में सीबीआई के हलफनामे को स्वीकार कर लिया है। दरअसल, नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एग्जाम से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स से 10 जुलाई शाम 5 बजे तक रिपोर्ट मांगी थी। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक सीबीआई ने 11 जुलाई को कोर्ट में हलफनामा जमा किया था। रजिस्ट्री ने कहा था कि तय समय से देरी के बाद हलफनामा जमा करने को लेकर कोर्ट से चर्चा करें। हालांकि, बेंच के जस्टिस जे बी पारदीवाला ने कहा कि उन्होंने सीबीआई की रिपोर्ट जमा किए जाने की जानकारी है। नीट मामले में 38 याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई को होगी।

**जस्टिस पारदीवाला बोले-हमने जवाब देख लिया**

# कुख्यात गैंगस्टर काला खैरमपुरिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरुग्राम

हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली पुलिस के लिए सिरदर्द बने कुख्यात गैंगस्टर काला खैरमपुरिया को एसटीएफ हरियाणा की टीम ने शुक्रवार रात दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। वर्ष 2020 में पेरोल पर बाहर आने के बाद वह फरार था और थाइलैंड में रहकर भाऊ गैंग चला रहा था। थाइलैंड में पकड़े जाने के बाद पुलिस उसे अब गुरुग्राम लेकर आई है। काला के ऊपर हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी व अन्य से संबंधित 20 से अधिक मामले तीनों राज्यों में दर्ज हैं। यह हिसार के खैरमपुरिया का रहने वाला है। इसके कहने पर ही भाऊ गैंग के गुर्गों ने हिसार में बीते दिनों कार डीलर शोरूम के बाहर फायरिंग की थी।



**थाइलैंड से ही चला रहा था गैंग, करवाता था हत्या**

भाऊ गैंग का सरगना, हरियाणा एसटीएफ थाइलैंड से गुरुग्राम लाई

**सोनीपत, दिल्ली और हिसार में फायरिंग की घटनाएं इसके कहने पर गुर्गों ने अंजाम दी**

### इन अपराधों में शामिल रहा

- दिसंबर 2023 में सोनीपत में एक गांव के सरपंच की हत्या।
- जनवरी 2024 में गोहाना में मशहूर मिठाई की दुकान पर गोलीबारी।
- मुरथल में एक ढाबे पर दिनदहाड़े हत्या।
- दिल्ली के राजौरी गार्डन में बर्गर आउटलेट पर हत्या की साजिश।
- 24 जून को हिसार में महिंद्रा कार शोरूम के बाहर गोलीबारी की।

### स्पेशल टास्क फोर्स की गई तैयार

हरियाणा एसटीएफ के डीआइजी सिमरदीप सिंह ने गुरुग्राम में बताया कि स्पेशल टास्क फोर्स ने खैरमपुरिया को गिरफ्तार कर अहम उपलब्धि हासिल की है। राकेश उर्फ काला खैरमपुरिया गंभीर और हिंसक अपराधों में शामिल था। वह दुबई, आर्मेनिया और थाईलैंड से भारत में आपराधिक गतिविधियां चला रहा था। काला का आपराधिक रिकॉर्ड 2014 से शुरू हुआ था। उस पर डकैती, लूट, हत्या और अवैध हथियार रखने के आरोप हैं।

### उम्रकैद की सजा काट रहा काला

2015 में राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के थाना भादरा में हत्या के मामले में उसे 2018 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। दो साल सजा काटने के बाद वह 2020 में पेरोल पर जेल से बाहर आकर फरार हो गया।

## राजनीति 7 राज्यों की 13 सीटों पर विस उपचुनाव के नतीजे घोषित

*कांग्रेस-टीएमसी को 4-4, भाजपा को दो सीटें मिली*

*आप, डीएमके और निर्दलीय के खाते में 1-1 सीट गई*

# दस सीटों पर इंडिया गठबंधन और दो पर भाजपा को जीत

एजेंसी/भाषा ▸▸| नई दिल्ली

देश के 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के शनिवार को आए नतीजों में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने 10 सीटों और भाजपा ने दो सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई। विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को पश्चिम बंगाल की 4, हिमाचल प्रदेश की 3, उत्तराखंड की 2, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार व तमिलनाडु की 1-1 सीट पर मतदान हुआ था। 'इंडिया' गठबंधन में शामिल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक ने उपचुनाव में अपने उम्मीदवार उतारे थे। इस उपचुनाव में भाजपा 2, कांग्रेस 4, टीमएसी 4, आप 1, डीएमके 1, और निर्दलीय को एक सीट मिली है। यानी भाजपा को 1 और जदयू को 1 सीट मिलाकर राजग को दो सीटों का नुकसान हुआ। कांग्रेस को 2 और टीएमसी को 3 सीटों का फायदा हुआ है। हिमाचल में भाजपा में शामिल हुए 3 में से एक निर्दलीय ही चुनाव जीत पाए, दो हार गए। पंजाब में भी आप से भाजपा में आए कैंडिडेट चुनाव हार गए। यहां आम आदमी पार्टी जीती है।



- पंजाब में, 'आप' के मोहिंदर भगत ने जालंधर पश्चिम सीट जीती।
- तमिलनाडु में द्रमुक के अन्नियूर शिवा ने विक्रवांडी सीट जीती।
- तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों कृष्णा कल्याणी, मधुपर्णा ठाकुर, मुकुट मणि अधिकारी व सुप्ति पांडे ने क्रमशः रायगंज, बगदाह, राणाघाट दक्षिण और मानिकतला सीट पर जीत हासिल की।
- हिमाचल में कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने देहरा विधानसभा सीट जीती। नालागढ़ में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा व भाजपा ने हमीरपुर सीट जीती।
- उत्तराखंड में कांग्रेस के लखपत बुटोला ने बदरीनाथ व मंगलौर सीट काजी निजामुद्दीन ने जीती।
- मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा सीट भाजपा व बिहार में निर्दलीय जीते।

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# सीआईसी के पास पीठ गठित और नियम बनाने की शक्तियां

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के प्रभावी कामकाज के लिए उसकी स्वायत्तता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि आयोग के पास पीठ गठित करने व नियम बनाने की शक्तियां हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पिछले बुधवार को कहा कि प्रशासनिक निकायों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता उनके निर्धारित कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के वास्ते उनकी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है। पीठ ने कहा, 'आयोग की पीठों के गठन से संबंधित नियम बनाने की मुख्य सूचना आयुक्त की शक्तियों को बरकरार रखा जाता है।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए प्रवेश पत्र जारी

**जींद।** हिसार से सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक ने बताया कि जींद, फतेहाबाद, सिरसा, हिसार जिलों से चयनित अभ्यर्थियों की अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया सेना भर्ती कार्यालय परिसरए हिसार के मिलट्री स्टेशन में 20 से 28 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। सभी अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ई.मेल आईडी पर एडमिट कार्ड भेज दिए गए हैं। उम्मीद्वार सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन करके अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### नलकूप पर करंट लगने से किसान की मौत

**रादौर।** खेतों में नलकूप चलाने गए किसान की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई।



किसान की अचानक मौत होने से पूरे गांव में मातम छा गया। जठलाना के सरपंच प्रतिनिधि बीर सिंह ने बताया कि गांव का किसान करण सिंह नेहरा (47) अपने खेतों में नलकूप चलाने गया था। इस दौरान उसे मोटर से अचानक करंट लग गया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### संदिग्ध हालत में बिल्डिंग से गिरकर युवक की मौत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सेक्टर-77 में एक सात मंजिला इमारत से एक 19 वर्षीय युवक की संदग्धि परस्थिर्तियों में गिर कर मौत हो गई। पुलिस का कहना है की प्रथम दृष्टि से यह बल्डिगिं से गिरकर मौत का मामला लग रहा है। परिवार ने बेटे की हत्या का आरोप लगा रहा है।

### ईंट भट्टे संचालक को भारी भरकम जुर्माने का भय दिखा थमाया था नोटिस

# आधी रात डेढ़ लाख की रिश्वत लेते माइनिंग ऑफिसर गिरफ्तार

- मामले को रफा-दफा करने के एवज में ढाई लाख रुपये की डिमांड की, डेढ़ लाख रुपये में डील हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव मोहनगढ़ छापड़ा में एसीबी कैथल टीम ने शुक्रवार रात छापेमारी कर ईंट भट्ठा मालिक से डेढ़ लाख रुपये रश्वित लेते माइनिंग ऑफिसर तथा मध्यस्थ को रंगे हाथों काबू किया है। एसीबी ने दोनों आरोपितों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। गांव छात्तर निवासी राजेश ने एसीबी को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव किठाना में ईंट भट्ठा है। उसने अपने खेत का लेवल करने के लिए मिट्टी उठाई थी। भनक लगने पर माइनिंग ऑफिसर उसके पास पहुंचा और नोटिस जारी कर दस लाख रुपये जुर्माने का भय दिखाने के साथ ईंट भट्ठा बंद करवाने की धमकी दी। मामले को रफा-दफा करने की एवज में ढाई लाख रुपये की डिमांड कर की है। अब माइनिंग ऑफिसर के साथ उसके जानकार गांव मोहनगढ़ छापड़ा निवासी नवीन की मध्यस्थता से डेढ़ लाख रुपये की मामला सेट हो गया।




**जींद।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

शिकायत के आधार पर कैथल एसीबी के निरीक्षक महेंद्र सिंह के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। राजपत्रित अधिकारी के तौर बिजली निगम के एसडीओ विनोद कुमार को नियुक्त किया गया। छापामार एसीबी की टीम ने पांच सौ के 300 नोट पाउडर तथा राजपत्रित अधिकारी से हस्ताक्षर करवा शिकायतकर्ता राजेश को सौंप दिए। संपर्क साधने पर माइनिंग ऑफिसर मोहित ने शिकायतकर्ता को देर रात गांव मोहनगढ़ छापड़ा बुला लिया। मोहित रात को अपने जानकार गांव मोहनगढ़ छापडा निवासी नवीन के घर ठहरा हुआ था।

#### अफसर के हाथ लाल हो गए

राजेश के गांव मोहनगढ़ पहुंचने पर दोनों रश्वित राशि लेने गांव से बाहर आ गए। राशि के थमाए जाने पर इशारा मिलते ही एसीबी टीम ने दोनों को काबू कर उनके कब्जे से रश्वित राशि डेढ़ लाख को बरामद कर लिया। माइनिंग ऑफिसर के हाथ धुलवाए जाने पर उनका रंग लाल हो गया। एसीबी ने माइनिंग ऑफिसर मोहित, मध्यस्थ नवीन के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। ईंट भट्ठा मालिक से डेढ़ लाख रुपये रश्वित लेते माइनिंग विभाग के निरीक्षक तथा मध्यस्थ को काबू किया गया है।

### सुसाइड के मामले में मांगे 10 हजार

## रेवाड़ीः 6 हजार रिश्वत लेते सब इंस्पेक्टर धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/बावल

गत 27 जून को बावल के प्राणपुरा रोड पर प्रेमी के साथ भागकर आई महिला के सुसाइड प्रकरण में उसके नकदी और जेवरात गायब होने के मामले को लेकर एंटी क्रप्शन ब्यूरो की टीम ने बावल पुलिस थाने के सब इंस्पेक्टर को 6 हजार रुपये लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने शिकायतकर्ता को 10 हजार रुपये देकर भेजा था, परंतु एसआई के के पास से 6 हजार रुपये ही बरामद हुए। शिकायतकर्ता ने पूरे दस हजार रुपये देने की बजाय चार हजार रुपये अपने पास ही रख लिए।

भरतपुर की रहने वाली एक महिला बीना जोगेंद्र नामक युवक के साथ भागकर बावल आई थी। जोगेंद्र उसे कंपनी में नौकरी दिलाने की बात कहते हुए लाया था। परिजनों के अनुसार बीना घर से 34 हजार रुपये लेकर आई थी। जोगेंद्र का पिता मोहन भी बावल में परिवार के साथ रहा रहा है। उसने अपने बेटे को प्राणपुरा रोड पर अलग कमरा दिलाया था। 27 जून को बीना ने मोहनलाल को फोन पर बताया था कि जोगेंद्र उसे छोड़कर चला गया है, इसलिए वह सुसाइड करने जा रही है।



**रेवाड़ी।** रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार एसआई बीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

#### रिकवरी मेमो भरते समय चौंके अधिकारी

एसीबी की टीम एसआई बीरसिंह से 10 हजार रुपये की रिकवरी का मेमो भरने लगी तो बीरसिंह ने बताया कि मोहन ने तो उसे सर्फि 6 हजार रुपये ही दिए हैं। जो रिकवरी हुई है, वह 6 हजार रुपये की ही है। एसीबी अधिकारियों ने उसी समय मोहन से पूछा तो उसने स्वीकार किया उसने चार हजार रुपये अपने पास ही रख लिए थे।

### गार्बेज शुल्क माफी के बाद अन्य सौगात की तैयारी

## शहरी निकाय विभाग सूबे के लोगों को राहत देने में जुटा

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

राज्य के स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली को लेकर प्रदेशवासी अक्सर शिकायत की झड़ी लगा देते हैं। लेकिन हरियाणा वासियों को खुश करने की मुहिम में जुटे स्थानीय निकाय मंत्री गार्बेज शुल्क एक ही झटके में माफ करने के बाद कुछ अन्य भी सौगात देने की मुहिम में जुट गए हैं। पोर्टल को सिरदर्द समझने औऱ कईं तरह की दिक्कतें झेल रहे शहरवासियों से अब मात्र हाउस टैक्स की वसूली ही होगी। विकास शुल्क और गार्बेज चार्ज को पूरी तरह से माफ किया जा रहा है। शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा इस तरह के प्रस्तावों पर मुख्यमंत्री नायब सैनी की मुहर लगवाने में जुटे हुए हैं। निकायों की पुरानी सीमा में ही विकास शुल्क माफ होंगे जबकि बकाया हाउस टैक्स में 15 फीसदी माफी की तैयारी की जा रही है।

विस चुनाव से पहले पहले सरकार शहर वासियों को तोहफे देने के क्रम में इस तरह के कदम उठा रही है ताकि एक तीर से कईं निशाने साधे जा सकें। शहरी निकाय विभाग पोर्टल की सिरदर्दी से परेशान लोगों को राहत देने की योजना पर होमवर्क पूरा कर चुका है। 31 मार्च 2025 तक गार्बेज चार्ज पूरी तरह से माफी के बाद में अब कुछ अन्य सौगात देने की तैयारी है।गार्बेज चार्ज को हाउस टैक्स के साथ जोड़कर भेजा जा रहा था। नए प्रस्तावों में निकायों की पुरानी सीमा के अंदर विकास शुल्क भी नहीं वसूला जाएगा। लंबे वक्त से बकाया हाउस टैक्स वसूलने के लिए 15 फीसदी हाउस टैक्स माफ करने की तैयारी है। शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री से मुहर लगवा चुके हैं। वर्षों पहले निकाय विभाग ने शहरों में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे प्रदेश के लिए इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रस्ताव तैयार किया था। निगम, नगर परिषद और नगर पालिका क्षेत्र के रेजिडेंशियल इलाकों में रहने वाले लोगों से पहली बार गार्बेज कलेक्शन चार्ज वसूल किया जा रहा था, जो 5 रुपये से लेकर 100 तक किया था।

#### तीन श्रेणियों में गार्बेज चार्ज का विरोध

- रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी में 100 स्क्वायर मीटर तक के प्लॉट एरिया में बने आवासीय भवन/हॉस्टल -20 रुपये मासिक
- 200 स्क्वायर मीटर तक के प्लॉट एरिया में बने आवासीय भवन/हॉस्टल -40 रुपये मासिक
- 200 स्क्वायर मीटर से अधिक और 400 स्क्वायर मीटर तक के प्लॉट एरिया में बने आवासीय भवन/ हॉस्टल- 50 रुपये मासिक
- 400 स्क्वायर मीटर से अधिक प्लॉट एरिया के आवासीय भवन/ हॉस्टल - 100 रुपये मासिक
- बीपीएल हाउस, ईडब्ल्यूएस फ्लैट, स्लम बस्ती - 5 रुपये मासिक
- 2000 स्क्वायर फुट तक कवर एरिया वाले फ्लैट्स (ईडब्ल्यूएस को छोड़कर) - 50 रुपये प्रति फ्लैट
- 2000 स्क्वायर फुट से अधिक कवर क्षेत्र वाले फ्लैट्स -100 रुपये प्रति फ्लैट

### प्रतिबंधित दवाई के जखीरे के साथ नशा तस्कर गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा प्रतिबंधित दवाई के हजारों रुपये के कैप्सूलों के साथ एक नशातस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने प्रतिबंधित दवाई के 576 कैप्सूल बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से पता लगाया जाएगा कि वह कैप्सूल कहां से लेकर आता है और किसे सप्लाई करता है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति शहर के बुड़्र पेट्रोल पंप के नजदीक संदग्धि हालत में किसी प्रतिबंधित दवाई के कैप्सूलों को लेकर घूम रहा है। वह कैप्सूलों को किसी को सप्लाई करने वाला है। सूचना मिलते ही एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी जसविंदर सिंह ने उप निरीक्षक सतीश कुमार, एएसआई रिशिपाल, बीरबल,मुख्य सिपाही राजेंद्र व कमलजीत की टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने तुरंत मौका पर जाकर वहां घूम रहे आरोपी व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी से जांच टीम ने प्रतिबंधित दवाई के 576 कैप्सूल बरामद किए। आरोपी से बरामद किए गए कैप्सूलों की बाजार में कीमत हजारों रुपये में है।



**यमुनानगर।** प्रतिबंधित दवाई के कैप्सूलों के जखीरे के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस हिरासत में बैठा हुआ।

## हैफेड ने निर्यात के लिए पूर्वी अफ्रीकी देशों को लक्ष्य बनाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- सऊदी अरब और यूएई को 132 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बासमती चावल के निर्यात ऑर्डर के सफल निष्पादन

सऊदी अरब और यूएई को 132 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बासमती चावल के निर्यात ऑर्डर के सफल निष्पादन से उत्साहित हैफेड ने अब रवांडा और तंजानिया में निर्यात की संभावनाओं को तलाशना शुरू किया है। हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत, हैफेड के एमडी डॉ. जे गणेशन, हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी और हैफेड मुख्य महाप्रबंधक रजनीश शर्मा सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने रवांडा का दौरा किया और 12 जुलाई 2024 को किगाली में सशस्त्र बल दुकानों महानिदेशक और उनके वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ व्यापारिक गठजोड़ और विभिन्न कृषि वस्तुओं के निर्यात के लिए बैठक की। विस्तृत चर्चा के बाद सशस्त्र बल कैंटनों, रवांडा को चावल की नियमित आपूर्ति के लिए हैफेड के साथ दीर्घकालिक अनुबंध को अंतिम रूप देने और रिफाइंड सूरजमुखी तेल, कोल्ड प्रेस्ड सरसों तेल और बाजरा आधारित उत्पादों की संभावना तलाशने पर सैद्धांतिक रूप से सहमति बनी। हैफेड के एमडी डॉ. जे. गणेशन आईएएस ने सशस्त्र बलों की कैंटीनों को अच्छी गुणवत्ता वाले उत्पादों की नियमित और निरंतर आपूर्ति का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल अवसरों का पता लगाएगा।



### कुरुक्षेत्र के एनएच-152 पर एस्कॉर्ट गाडी का टायर फटने से हुई दुर्घटना

## राज्यमंत्री के काफिले की गाड़ी पलटी कमांडो की टूटी बाजू, कुरुक्षेत्र रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नेशनल हाईवे 152डी पर राज्य मंत्री सुभाष सुधा के काफिले में शामिल एस्कॉर्ट गाड़ी का अगला टायर फट जाने के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। एस्कॉर्ट गाड़ी में पुलिस कमांडो एएसआई वेदपाल, हैड कांस्टेबल श्रवण, युवराज और संजीव कुमार सवार थे। हादसे में संजीव कुमार की बाजू टूट गई, उन्हें एंबुलैंस द्वारा पिहोवा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सिकों ने उन्हें कुरुक्षेत्र रेफर कर दिया। शनिवार को राज्य मंत्री सुभाष सुधा कुरुक्षेत्र से चंडीगढ़ में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए जा रहे थे। 152डी पर उनके काफिले की एस्कॉर्ट गाड़ी का टायर फट गया और एक्सल भी टूट गया जिस कारण गाड़ी पलट गई। हादसे के बाद राज्य मंत्री ने चंडीगढ़ जाना रद्द कर दिया। राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने अस्पताल में पहुंचकर घायल पुलिस कमांडो से मुलाकात की और कुशलक्षेम जाना। घायल संजीव कुमार कुरुक्षेत्र के निजी अस्पताल में उपचाराधीन है।





**कुरुक्षेत्र।** अनियंत्रित होकर पलटी एस्कॉर्ट गाड़ी। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

#### हर संभव मदद की जाएगीः सुधा

राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि एस्कॉर्ट गाडी के दुर्घटनाग्रस्त होने पर पुलिस के जवान घायल हो गए है। इन सभी जवानों को सरकार की तरफ से हर संभव मदद की जाएगी और उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। अहम पहलू यह है कि राज्य मंत्री के प्रयासों से घायलों का तुरंत उपचार करवाया गया है। इस घायल सिपाही को राज्यमंत्री खुद कुरुक्षेत्र की निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती
स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि ।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## जींदः दो पक्ष भिड़े, एक व्यक्ति की मौत, आधा दर्जन से ज्यादा घायल

- मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने 14 लोगों पर दर्ज किया हत्या का मामला
- बकरियों पर ततैया का छत्ता गिराने को लेकर चली आ रही दोनों पक्षों में रंजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव आसन में हुए झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दोनों पक्षों के आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर 14 लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभन्नि भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव आसन में बीती रात बलबीर परिवार तथा रामकुश परिवार पुरानी रंजिश के चलते आमने-सामने हो गए। जिसमें एक-दूसरे पर लाठियां बरसाई तो पथराव किया गया। जिसमें बलबीर समेत उसके परिवार के चार लोग घायल हो गए। दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोटें आई। ग्रामीणों ने बीचबचाव कर दोनों पक्षों को अलग-अलग किया। बलबीर समेत अन्य घायलों को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सिकों ने बलबीर की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। जहां पर शनिवार को उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक के भाई लीलाराम ने पुलिस को बताया कि लगभग एक साल पहले रामकुश ने उसके भाई की बकरियों पर ततैया का छत्ता गिरा दिया था। जिसके चलते रामकुश परिवार के साथ रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते रामकूश परिवार ने उनके परिवार पर हमला किया है। जिसमें उसके भाई की मौत हो गई। लीला राम की शिकायत पर रामकुश, विक्की, सुरजभान, मनोज, सुरजभान, रामचंद्र, बीरभान आदि के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

**मिथुन:** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

**तुला:** मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

**धनु:** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**मीन:** परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का नाम | निविदा खुलने की तिथि व समय | अनुमानित लागत (₹) | धरोहर राशि(₹) | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी-08/24-25 | कॉम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ डाटा लॉगर ओवर अंबाला डिविजन फॉर थ्री इयर्स | 07.08.2024 को 15:00 बजे | ₹3,87,37,706.07 | ₹3,43,700/- | 36 महीने |
| 2 | ओटी-09/24-25 | दा वर्क फॉर कॉम्प्रीहेन्सिव ऐन्युअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ आईपीएस ऑफ एम/एस एच०बी०एल० मेक ओवर अंबाला डिविजन फॉर थ्री इयर्स। | 07.08.2024 को 15:00 बजे | ₹1,08,13,205.52 | ₹2,04,100/- | 36 महीने |
| 3 | ओटी-10/24-25 | प्रोविजन ऑफ सेगरिगेशन ऑफ पावर सप्लाई एण्ड मीडिया इन ब्लॉक वर्किंग ओवर अंबाला डिविजन | 07.08.2024 को 15:00 बजे | ₹3,76,11,199.56 | ₹3,38,100/- | 270 दिन |

नोटः 1. वरि० मंडल सिग० एवं टेली० इंजी०/उ०रे०, डी०आर०एम० ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गई तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टेंडर डाक्यूमेंट व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई-टेंडरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टेंडर नोटिस और टेंडर डॉक्यूमेंटस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टेंडर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।
सं.: एस.डब्ल्यू/सिग/अंबाला/एन०आई०टी०-02/2024-25 दिनांकः 12.07.2024 2149/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### शब्द पहेली - 5571




**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

#### शब्द पहेली- 5570 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | रा | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | रा | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |



# विंबलडन जीतकर महारिकॉर्ड बनाएंगे जोकोविच, अल्कारेज भी कम नहीं

एजेंसी ▶▶| लंदन

सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच विंबलडन चैंपियनशिप 2024 में पुरुष सिंगल्स के फाइनल में पहुंच गए हैं। खिताब जीतने पर जोकोविच वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते हुए सबसे ज्यादा 25 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बना जाएंगे। शुक्रवार को लंदन में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच ने 25वीं सीड इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को सीधे सेटों में 6-4, 7,6 (2), 6-4 से हराया।

अब रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में जोकोविच का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त स्पेन के कार्लोस अल्कारेज से होगा। कार्लोस अल्कारेज ने पुरुष सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में रूस के डेनियल मेदवेदेव को 6-7, 6-3, 6-4, 6-4 से हराया था। अल्कारेज ने पिछले साल नोवाक जोकोविच को हराकर खिताब जीता था। अब जोकोविच का लक्ष्य सेंटर कोर्ट पर मिली उस हार का बदला चुकाता करने पर होगा।




## 37वां ग्रैंडस्लैम फाइनल

नोवाक जोकोविच अपने टेनिस कॅरियर का 37वां ग्रैंड स्लैम सिंगल्स फाइनल खेलने जा रहे, जो ओपन युग में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक है. वह स्विट्जरलैंड के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर और स्पेनिश स्टार राफेल नडाल को काफी पीछे छोड़ चुके हैं।

## 3-0 अल्कारेज का रिकॉर्ड

कार्लोस अल्कारेज को हराना जोकोविच के लिए आसान नहीं रहने वाला है। अल्कारेज इससे पहले तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंच थे और जीत भी हासिल की थी। 21 वर्षीय अल्कारेज तीनों तरह के कोर्ट घास, क्ले और हार्ड कोर्ट पर ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। अब स्पेन का यह धुरंधर ओपन युग (1968 से शुरू) में 22 साल की उम्र से पहले ऑल इंग्लैंड क्लब में कई चैंपियनशिप जीतने वाले बोरिस बेकर और ब्योर्न बोर्ग के साथ जुड़ने से केवल एक जीत दूर है। अल्कारेज 2022 में अमेरिकी ओपन और पिछले महीने फ्रेंच ओपन में भी विजेता बने थे।



## सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम

| खिलाड़ी | देश | ग्रैंड स्लैम | टूर्नामेंट |
|---|---|---|---|
| नोवाक जोकोविच | सर्बिया | 24 | ऑस्ट्रेलियन-10, फ्रेंच-3, विंबलडन-7, यूएस-4 |
| राफेल नडाल | स्पेन | 22 | ऑस्ट्रेलियन-2, फ्रेंच-14, विंबलडन-2, यूएस-4 |
| रोजर फेडरर | स्विट्जरलैंड | 20 | ऑस्ट्रेलियन-6, फ्रेंच-1, विंबलडन-8, यूएस-5 |
| पीट सैम्प्रास | अमेरिका | 14 | ऑस्ट्रेलियन-2, फ्रेंच-0, विंबलडन-7, यूएस-5 |

## कोर्ट का रिकार्ड तोड़ने पर नजर

36 साल के जोकोविच यदि फाइनल मुकाबला जीतते हैं तो वो वह टेनिस इतिहास में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने के मामले में मार्गरेट कोर्ट से आगे निकल जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की मार्गरेट कोर्ट ने भी 24 ग्रैंड स्लैम सिंगल्स टाइटल जीते थे, लेकिन इनमें से 13 खिताब ओपन ऐरा से पहले आए थे।

## सबसे ज्यादा फाइनल

| फाइनल | खिलाड़ी |
|---|---|
| 37 | नोवाक जोकोविच |
| 31 | रोजर फेडरर |
| 30 | राफेल नडाल |
| 19 | इवान लेंडल |
| 18 | पीट सम्प्रास |

## खबर संक्षेप



### अर्जुन का कॉलिंग में दमदार प्रदर्शन

**एक्रोन।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल (74-71) ने यहां फायरस्टोन कंट्री क्लब में खेले जा रहे कॉलिंग कंपनीज चैंपियनशिप गोल्फ के कट प्रवेश कर लिया है। अटवाल ने दूसरे दौर में दो बर्डी और तीन बोगी के साथ एक ओवर 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में चार ओवर 74 का स्कोर किया। वह पांच ओवर 145 के स्कोर के साथ संयुक्त 49वें स्थान पर है। स्टीवन अल्कर दूसरे दौर में 65 का कार्ड खेलने के बाद तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कुल सात अंडर के स्कोर के साथ स्टीव स्ट्रिकर पर एक शॉट की बढ़त बना ली है।

### रंधावा पांचवें और जीव 19वें स्थान पर



**जिनेवा।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा यूरोप में 'लीजेंड्स टूर' पर स्विस सीनियर्स ओपन में चार अंडर 66 के कार्ड से संयुक्त पांचवें स्थान पर जबकि जीव मिल्खा सिंह (68) संयुक्त 19वें स्थान पर बने हुए हैं। दोनों भारतीय गोल्फर इस सत्र में अच्छा खेल रहे हैं। रंधावा ने 50 साल से अधिक उम्र के गोल्फरों के इस टूर्नामेंट में पांच बर्डी लगायी और एक बोगी कर बैठे जबकि जीव ने चार बर्डी लगायी और दो बोगी की।

### अनाहत, टियाना ने तीसरे दौर में बनाई जगह



**नई दिल्ली।** सोलह वर्ष की अनाहत सिंह ने ह्यूस्टन में विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत ने दक्षिण अफ्रीका की डेने वान जिल को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया। अब उनका सामना अमेरिका की सामंथा जाफी से होगा। अनाहत को पहले दौर में बाय मिला था। भारत की टियाना परसरामपुरिया ने न्यूजीलैंड की एम्मा मेरसोन को 14-12, 11-5, 11-5 से मात दी।

### ग्रैंडमास्टर राजा ने रजत इनियान ने जीता कांस्य

**ला प्लाग्ने।** भारतीय ग्रैंडमास्टर राजा ऋत्विक ने यहां ला प्लाग्ने शतरंज ओपन में रजत पदक जीता जबकि हमवतन पन्नीरसेल्वम इनियान ने कांस्य पदक जीता।



ऋत्विक ने इनियान, ग्रैंडमास्टर प्रनीथ वुप्पला और अंतरराष्ट्रीय मास्टर धुलिपल्ला बाला चंद्र प्रसाद जैसे अन्य खिलाड़ियों के साथ दूसरे स्थान पर रहने के बाद टाई-ब्रेकर के माध्यम से रजत पदक जीता। इन सभी ने छह से 12 जुलाई के बीच यहां आयोजित प्रतियोगिता में नौ मैचों में सात अंक अर्जित किए थे।

## टी20 : यशस्वी-शुभमन ने पहले विकेट के लिए की 156 रन की साझेदारी

# भारत ने जीती सीरीज, जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदा, बनाई 3-1 से बढ़त

एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) ने पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी की। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। फिर जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। जायसवाल ने 53 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े। गिल ने संयम से खेलते हुए जायसवाल को ताबड़तोड़ रन जुटाने दिए तथा 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाए।




### गिल की तीसरी टी-20 फिफ्टी

शुभमन गिल ने 35 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। यह उनकी टी-20 इंटरनेशनल की तीसरी फिफ्टी है। यशस्वी जायसवाल ने 29 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने सिकंदर रजा की बॉल पर चौका लगाकर अपनी फिफ्टी लगाई। यह उनकी टी-20 इंटरनेशनल की छठी फिफ्टी है।

### रजा ने बनाए 46 रन

जिम्बाब्वे की ओर से कप्तान सिकंदर रजा ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। उनके अलावा तदिवनाशे मरुमानी 32 और वेसले मधवरे ने 25 रन का योगदान दिया। जिम्बाब्वे के ओपनर्स तदिवनाशे मरुमानी (32) और वेसले मधवरे (25) के बीच 63 रन की साझेदारी हुई। भारत की ओर से खलील अहमद ने दो विकेट झटके। शिवम दुबे, अभिषेक शर्मा, तुषार देशपांडे और वॉशिंगटन सुंदर को 1-1 विकेट मिला। जोनाथन कैंपबेल को रवि बिश्नोई ने अपनी ही बॉल पर डायरेक्ट हिट पर रन आउट किया।

### तुषार को मिला डेब्यू का मौका

आवेश खान की जगह तुषार देशपांडे को टीम में शामिल किया गया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ देशपांडे ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया। घरेलू मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले इस तेज गेंदबाज को आखिरकार अपनी मेहनत का इनाम मिल ही गया। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर साईराज बहुतुले ने उन्हें डेब्यू कैप पहनाई। इस दौरान देशपांडे की पत्नी भी मौजूद रहीं।



### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेस्ली का रिंकू बो शिवम दूबे | 25 | 24 | 4 | 0 |
| मारुमनी का रिंकू बो अभिषेक | 32 | 31 | 3 | 0 |
| बेनेट का जायसवाल बो सुंदर | 09 | 14 | 0 | 0 |
| रजा का गिल बो देशपांडे | 46 | 28 | 2 | 3 |
| जोनाथन कैंपबेल रन आउट | 03 | 03 | 0 | 0 |
| मेयर्स का एवं बो खलील | 12 | 13 | 0 | 0 |
| मडांडे का रिंकू बो खलील | 07 | 05 | 1 | 0 |
| फराज अकरम नाबाद | 04 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 14, कुल : 20 ओवर में 152/7
गेंदबाजी : खलील 4-0-32-2, देशपांडे 3-0-30-1, बिश्नोई 4-0-22-0, सुंदर 4-0-32-1, अभिषेक 3-0-20-1, दूबे 2-0-11-1

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 93 | 53 | 13 | 2 |
| शुभमन गिल नाबाद | 58 | 39 | 6 | 2 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 15.2 ओवर में 156/00
**गेंदबाजी :** नगारवा 3-0-27-0, मुजारबानी 3.2-0-25-0, चतारा 2-0-23-0, अकरम 4-0-41-0, रजा 2-0-24-0, बेनेट 1-0-16-0.

## ओलंपिक

# अंतिम और अमन वरीय पहलवान, चूकी विनेश



एजेंसी ▶▶| पेरिस

विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता अंतिम पंघाल (महिला 53 किग्रा) और बेहद प्रतिभाशाली अमन सहरावत (पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा) को पेरिस ओलंपिक में कुश्ती प्रतियोगिता के लिए उनके संबंधित भार वर्गों में चौथी और छठी वरीयता दी गई है, जिससे उन्हें शुरुआती मुकाबलों में कठिन प्रतिद्वंद्वियों से बचने में मदद मिलेगी।

कुश्ती प्रतियोगिताएं पांच अगस्त को शुरू होंगी और खेलों के आखिरी दिन 11 अगस्त को समाप्त होंगी। ओलंपिक में वरीयता का फैसला 2023 विश्व चैंपियनशिप, 2024 महाद्वीपीय चैंपियनशिप के साथ जाग्रेब और बुडापेस्ट में रैंकिंग श्रृंखला में पहलवानों के प्रदर्शन पर आधारित है। महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली स्टार भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को कोई वरीयता नहीं मिली है। पदक दौर शुरू होने से पहले अमन को जापान के री हिगुची या आर्मेनिया के आर्सेन हारुत्युन्यान से भिड़ना पड़ सकता है। ओलंपिक में अंशू मलिक (महिला 57 किग्रा), निशा दहिया (महिला 68 किग्रा) और रितिका हुडा (महिला 76 किग्रा) भी भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगी।

### स्पेन को जीतते देखना चाहते हैं भूटिया

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ यूरो कप फाइनल में स्पेन को जीतते हुए देखना चाहते हैं और उन्हें उम्मीद है कि लेमिन यमाल और निको विलियम्स शानदार प्रदर्शन से दुनिया भर के प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। भूटिया ने कहा, 'स्पेन का पलड़ा निश्चित रूप से फाइनल में भारी होगा क्योंकि जिस तरह से वे खेल रहे हैं, उसे देखकर उनकी टीम पूरी तरह से संतुलित दिख रही है। वे तकनीकी रूप से अच्छा खेल दिखा रहे हैं। उन्होंने छह में से छह मैच जीते हैं।

## अप्रत्याशित जीत

# बारबोरा विम्बलडन चैम्पियन दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती

### चेक गणराज्य की क्रेजिसिकोवा ने पाओलिनी को हराकर खिताब जीता



भाषा ▶▶| लंदन

चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने शनिवार को यहां महिला एकल फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को हराकर विम्बलडन खिताब अपने नाम कर लिया और अपनी दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती। तीन साल पहले क्रेजिसिकोवा ने 2021 में फ्रेंच ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। तब इस 28 साल की खिलाड़ी को वरीयता नहीं मिली थी। इस सत्र में पीठ की चोट के कारण आल इंग्लैंड क्लब में वह 32 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में 31वें नंबर पर थीं। क्रेजिसिकोवा ने आल इंग्लैंड के क्लब पर फाइनल में पाओलिनी पर 6-2, 2-6, 6-4 की जीत से अप्रत्याशित जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी मेंटोर (दिवंगत) 1998 विम्बलडन चैम्पियन जाना नोवोत्ना का धन्यवाद किया जिन्होंने उन्हें पेशेवर टेनिस में आने के लिए प्रेरित किया था। क्रेजिसिकोवा ने कहा, ''अभी जो हुआ वह अवास्तविक है, निश्चित रूप से मेरे टेनिस करियर का सर्वश्रेष्ठ दिन और मेरी जिंदगी का भी सर्वश्रेष्ठ दिन।'' अपनी चैम्पियन प्लेट पकड़ते हुए क्रेजिसिकोवा ने खुद को भाग्यशाली करार दिया कि वह पिछले महीने फ्रेंच ओपन में उप विजेता रहीं सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी को पराजित करने में सफल रहीं। टूर्नामेंट के पिछले आठ चरण से नयी महिला चैम्पियन निकली है और तब से क्रेजिसिकोवा विम्बलडन चैम्पियन बनने वाली आठवीं महिला खिलाड़ी हैं। पिछले साल का खिताब भी चेक गणराज्य की ही खिलाड़ी के नाम रहा था जो गैर वरीय मार्केटा वोंद्रोउसोवा थीं जो पिछले हफ्ते यहां पहले दौर में हार गयी थीं। पाओलिनी 2016 में सेरेना विलियम्स के बाद एक ही सत्र रोलां गैरों और विम्बलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। शांत चित्त होकर खेलते हुए क्रेजिसिकोवा ने पहले 11 में से 10 प्वाइंट हासिल करते हुए जल्द ही 5-1 बढ़त बना ली। दर्शक पाओलिनी का उत्साहवर्धन कर रहे थे। लेकिन क्रेजिसिकोवा डगमगाई नहीं।

### झूलन बनीं ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की मेंटोर



**नई दिल्ली।** भारत की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग से पहले ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की मेंटोर बन गई हैं। अपने दो दशक के कॅरियर में झूलन ने 355 विकेट लिए। उन्होंने 2022 में खेल को अलविदा कहा। टीकेआर की कप्तान स्टार हरफनमौला डिएंड्रा डोटिन हैं जिनकी कप्तानी में टीम ने 2021 में पहला सत्र जीता था। झूलन ने कहा, 'इतनी शानदार टीम से जुड़ना गर्व की बात है। नाइट राइडर्स ने इतना शानदार प्रदर्शन किया है और टीकेआर महिला टीम से जुड़ना शानदार है। केकेआर प्रबंधन को इसके लिए धन्यवाद।'

# गुकेश, प्रज्ञानानंदा भारतीय ओलंपियाड टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा हंगरी के बुडापेस्ट में सितंबर में होने वाले आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। नवंबर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट 'ड्रेस रिहर्सल' की तरह होगा।



गुकेश ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वह अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा भी शामिल हैं। महिला टीम में डी हरिका, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव मौजूद हैं। ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी अज्ञात कारणों से टीम से बाहर हैं जिन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। भारत ने पहली बार 2022 में ओलंपियाड के पिछले चरण की मेजबानी की थी जिसमें मेजबान देश ने ओपन और महिला दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीता था। यह ओलंपियाड का 45वां चरण होगा। हंगरी पहली बार आधिकारिक रूप से इसकी मेजबानी करेगा।

### विम्बलडनः ग्रूट ने व्हीलचेयर में जीता लगातार 15वां खिताब



**लंदन।** डिएडे डि ग्रूट ने शनिवार को यहां आल इंग्लैंड क्लब में महिला व्हीलचेयर फाइनल में अपनी छठी विम्बलडन एकल ट्रॉफी जीतकर लगातार 15वां ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। उन्होंने हमवतन नीदरलैंड की अपनी साथी खिलाड़ी एनीक वैन कूट को 6-4, 6-4 से हराया। डिएडे डि ग्रूट ने अपने लगातार मेजर खिताबों के रिकॉर्ड में इजाफा करते हुए अपनी ट्रॉफियों की कुल संख्या 23 कर दी। उन्होंने 2020 के अमेरिकी ओपन के बाद से हर ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीता है और उनके नाम 19 मेजर युगल खिताब भी हैं।

## 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में होगा टूर्नामेंट का आयोजन

# स्पोर्ट्स18 नेटवर्क और जियो सिनेमा पर फ्री में देखें ओलंपिक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पेरिस 2024 के आधिकारिक प्रसारण और डिजिटल पार्टनर वायकॉम18 ने भारत में अब तक की सबसे बड़ी और सबसे इमर्सिव ओलंपिक प्रेजेंटेशन की घोषणा की है। इसमें कई खेलों में भारत के लिए ओलंपिक पदक जीत चुके पूर्व चैंपियनों द्वारा किया जाने वाला प्रेजेंटेशन शामिल है। 20 कंकररेंट फीड और चैंपियन ओलंपियनों के साथ व्यापक कवरेज 26 जुलाई, 2024 से स्पोर्ट्स18 नेटवर्क पर और जियो सिनेमा पर निशुल्क शुरू होगा। नेटवर्क ने अपनी कैम्पेन फिल्म 'दम लगा के हईशा' भी लॉन्च की है, जिसमें ओलंपिक को बिल्कुल अलग तरह से पेश किया गया है।

sports 18 | PARIS 2024 | JioCinema
OFFICIAL BROADCASTER AND STREAMING PARTNER

पहली बार, भारत में ओलंपिक कवरेज को जियोसिनेमा पर 20 कंकररेंट फीड्स में निशुल्क प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे प्रशंसक अपने पसंदीदा डिवाइस पर कभी भी, कहीं भी ओलंपिक खेलों में अपने पसंदीदा एक्शन और भारतीय खिलाड़ियों के परफार्मेंस को देख सकेंगे। प्रेजेंटेशन में 17 खेलों से जुड़े फीड्स और तीन क्यूरेटेड फीड्स होंगे, जो 4के में उपलब्ध होंगे। क्यूरेटेड फीड्स में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में एक इंडिया फीड शामिल होगी, जो दर्शकों को मैदान पर होने वाली भारतीय दल की सभी गतिविधियों को देखने की आजादी देती है। इसके अलावा पहली बार महिला एथलीट फ़ीड पेश किया जाएगा, जो खेलों के दौरान विशेष रूप से महिला ओलंपियन की यात्रा को कैप्चर करेगी। खास तौर पर तैयार फ़ीड में अंग्रेजी और हिंदी भाषा में ग्लोबल एक्शन फ़ीड भी होगी, जिससे दर्शक पेरिस 2024 के दौरान दुनिया के बेहतरीन एथलीटों को एक्शन में देख सकेंगे।

### विशेषज्ञ देंगे खेल की जानकारी

*भारत की पहली महिला कुश्ती ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक (2016 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक), बीजिंग 2008 कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह के साथ पेशकर्ताओं में शामिल होंगी। इसके अलावा पेशकर्ताओं में चार बार की ओलंपियन और छह बार की ग्रैंड स्लैम विजेता और डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला सानिया मिर्जा के साथ राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सोमदेव देववर्मन भी शामिल होंगे। यही नहीं, दुनिया के सातवें नंबर के लॉन्ग जंपर और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मुरली श्रीशंकर ओलंपिक के दौरान वायकॉम18 के विशेषज्ञ के रूप में बिल्कुल नए अवतार में नजर आएंगे।*



**कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ अण्णा आंदोलन की कोख से निकली आम आदमी पार्टी व्यवस्था परिवर्तन और नई क़िस्म की राजनीति करने के वादे के साथ सत्ता में आई थी। देशभर में लोगों को उम्मीद बंधी थी कि भारतीय राजनीति में एक मौलिक बदलाव आएगा, लेकिन 12 साल में ही पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ही कदाचार के आरोपों में घिरे हैं। उन्हें अंतरिम जमानत की बुनियादी शर्त भी बेहद कठोर और विरोधाभासी है। जेल से बाहर आने के बावजूद केजरीवाल मुख्यमंत्री दफ्तर और सचिवालय नहीं जा पाएंगे। मुख्यमंत्री होने के बावजूद वह मुख्यमंत्री के दायित्व नहीं निभा सकेंगे। उपराज्यपाल की अनुमति या आग्रह के बिना किसी भी सरकारी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकेंगे। क्या निर्वाचित मुख्यमंत्री के लिए ऐसी पाबंदियां और शर्तें व्यावहारिक और लोकतांत्रिक हैं? क्या केजरीवाल ने वैकल्पिक राजनीति में कदम रखते हुए ऐसी ही नियति की कल्पना की होगी? सर्वोच्च अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धनशोधन वाले मामले में अंतरिम जमानत दी है, लेकिन ईडी को भी उसकी शक्तियों के बारे में सबक सिखाया है। पीठ ने कहा है कि पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी का आधार केवल जांच नहीं हो सकता है। ईडी धनशोधन मामलों में गिरफ्तारी के लिए एक समान नीति बनाए। इसी विषय पर आजकल का यह अंक..**

# राहत के बाद भी केजरीवाल 'मुक्त' नहीं



**विश्लेषण**

सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देकर 'आधी राहत' दी है, क्योंकि सीबीआई के भ्रष्टाचार वाले केस में वे अभी तिहाड़ जेल से 'मुक्त' नहीं हुए हैं। सर्वोच्च अदालत में यह केस अब तीन न्यायाधीशों की पीठ सुनेगी। अब देर-सवेर केजरीवाल जेल से बाहर आ सकते हैं, क्योंकि 90 दिन की जेल के बाद, जीने और मुक्ति के अधिकार के तहत, सर्वोच्च अदालत ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी है। जब तक बड़ी पीठ सुनवाई करेगी, यह अंतरिम जमानत जारी रहेगी। दुर्लभ और अपवाद के मामले होते हैं, जब यह अंतरिम जमानत निरस्त कर दी जाए। बहरहाल नियमित जमानत अब भी दिल्ली उच्च न्यायालय के विचाराधीन है।**

सर्वोच्च अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देकर 'आधी राहत' दी है, क्योंकि सीबीआई के भ्रष्टाचार वाले केस में वे अभी तिहाड़ जेल से 'मुक्त' नहीं हुए हैं। विशेष अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी है। सर्वोच्च अदालत में यह केस अब तीन न्यायाधीशों की पीठ सुनेगी। वह कुछ और मुद्दों पर भी अदालत का अभिमत स्पष्ट करेगी। अब देर-सवेर केजरीवाल जेल से बाहर आ सकते हैं, क्योंकि 90 दिन की जेल के बाद, जीने और मुक्ति के अधिकार के तहत, सर्वोच्च अदालत ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत दी है। जब तक बड़ी पीठ सुनवाई करेगी, यह अंतरिम जमानत जारी रहेगी। दुर्लभ और अपवाद के मामले होते हैं, जब यह अंतरिम जमानत निरस्त कर दी जाए। बहरहाल, नियमित जमानत अब भी दिल्ली उच्च न्यायालय के पास विचाराधीन है। दरअसल अंतरिम जमानत की बुनियादी शर्त बेहद कठोर और विरोधाभासी है। जेल से बाहर आने के बावजूद केजरीवाल मुख्यमंत्री दफ्तर और सचिवालय नहीं जा पाएंगे। मुख्यमंत्री होने के बावजूद वह मुख्यमंत्री के दायित्व नहीं निभा सकेंगे। उपराज्यपाल की अनुमति या आग्रह के बिना किसी भी सरकारी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकेंगे। क्या निर्वाचित मुख्यमंत्री के लिए ऐसी पाबंदियां और शर्तें व्यावहारिक और लोकतांत्रिक हैं? क्या केजरीवाल ने वैकल्पिक राजनीति में कदम रखते हुए ऐसी ही नियति की कल्पना की थी? कई ऐसी बंदिशें हैं, जो पेशेवर आरोपितों पर लगाई जाती हैं और केजरीवाल पर भी चस्पा की गई हैं। अब केजरीवाल को खुद सोचना चाहिए कि क्या बराए नाम ही मुख्यमंत्री रहना राजनीतिक नैतिकता है? शीर्ष अदालत की न्यायिक पीठ ने तो उन्हें संकेत दे दिए हैं।

## ईडी को सबक सिखाया

सर्वोच्च अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धनशोधन वाले मामले में अंतरिम जमानत दी है, लेकिन ईडी को उसकी शक्तियों के बारे में सबक सिखाया है। पीठ ने कहा है कि पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी का आधार केवल जांच नहीं हो सकता है। ईडी धनशोधन मामलों में गिरफ्तारी के लिए एक समान नीति बनाए। पीएमएलए में गिरफ्तारी की अनिवार्यता अथवा इसकी जरूरत की व्याख्या के लिए यह मामला तीन न्यायाधीशों की पीठ को भेजा गया है। दूसरी ओर ईडी ने शराब घोटाले में ही विशेष अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया है। केजरीवाल को घोटाले का 'साजिशकार' बताते हुए आरोपित बनाया गया है, लेकिन आम आदमी पार्टी (आप) देश की पहली राजनीतिक राष्ट्रीय पार्टी बन गई है, जिसे आरोप-पत्र में 'आरोपी नंबर 38' बनाया गया है। केजरीवाल 'आरोपी नंबर 37' हैं। केजरीवाल को इस



विरोधाभास से भी निपटना पड़ेगा। अब 'आप' के खिलाफ भी अदालत में मुकदमा चलेगा। यदि 'आप' अपराध में दंडित की जाती है, तो चुनाव आयोग उसकी मान्यता भी रद कर सकता है। पराकाष्ठा की यह स्थिति करीब 12 साल में ही आ गई, क्योंकि 'आप' की स्थापना नवम्बर, 2012 में की गई थी। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अर्थात पार्टी प्रमुख एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल जेल में हैं। उनकी कैबिनेट में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया और स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन लंबे वक्त से तिहाड़ जेल में ही हैं। उनके खिलाफ भी धनशोधन के मामले हैं। संदर्भ दिल्ली में नई शराब नीति की आड़ में 100 करोड़ रुपये की घूस और घोटाले का है। अब ट्रायल विशेष अदालत में ही चलेगा। अलबत्ता केजरीवाल जमानत के खोल में ही रहेंगे।

## शुचिता के दावों पर संशय

विडंबना है कि जिस पार्टी की स्थापना भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से हुई थी और जो आज तक 'कट्टर ईमानदारी' और शुचिता के दावे करती है, उस पार्टी का अस्तित्व भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के कारण संकट में पड़ गया है। मैंने 2012 के उस दौर मेंअण्णा हजारे के आंदोलन और अनशन को लगातार देखा है। उस आंदोलन में केजरीवाल के अलावा कई और प्रमुख चेहरे भी होते थे, जो आज 'आप' में नहीं हैं और केजरीवाल की राजनीति के भी विरोधी हैं। अण्णा को भनक तक नहीं थी कि केजरीवाल के भीतर राजनीतिक पार्टी बनाने और राजनीति में कूदने की महत्वाकांक्षा उफान पर है। तब भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन, लोकपाल और भ्रष्ट नेताओं को जेल में डालने के फतवों ने आम नौजवान को इनका समर्थक बनाया। अण्णा अनशन समाप्त कर महाराष्ट्र लौट चुके थे और केजरीवाल ने भ्रष्ट नेताओं की एक सूची को लेकर प्रलाप शुरू किया। अंततः 26 नवम्बर, 2012 को 'आप' की स्थापना की गई और फरवरी, 2013 के दिल्ली के चुनाव में इतनी सीटें जीत ली गईं कि केजरी के ही शब्दों में कथित 'भ्रष्ट कांग्रेस' के समर्थन से ही आप ने पहली सरकार बनाई। सरकार 49 दिन चली और केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया। 2015 और 2020 में भरपूर और एकतरफा जनादेश 'आप' के पक्ष में रहे, नतीजतन दिल्ली में एक वर्ग 'आप' का वोट बैंक बन गया। उसे बिजली मुफ्त मिल रही थी। पानी भी लगभग मुफ्त था। कई और योजनाएं शुरू की गईं, जिनके आधार पर 'आप' एक मजबूत पार्टी बनी। 2022 में पंजाब में भी एकतरफा जनादेश मिला। आप को अपनी बिजली, पानी, स्कूल और अस्पताल की सियासत पर भरोसा होने लगा।

## प्रलाप स्वीकार नहीं

बहरहाल अब 'आप' पर खतरा मंडरा रहा है और 'आप' के बड़े नेता जेल में हैं, तो साफ है कि आरोप के शक्ल में ही सही, पर कुछ तो गड़बड़ और काले कारनामे जरूर किए गए हैं, जो नेता कटघरे में हैं। इसे प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की साजिश और भाजपा का सियासी खुन्नस करार देते रहना बेमानी है। जांच एजेंसियां प्रधानमंत्री के तहत ही काम करती हैं, यह देश के संविधान और कानून में स्पष्ट है, लेकिन प्रधानमंत्री ही किसी मुख्यमंत्री को जेल में डलवा दे, इस प्रलाप को स्वीकार नहीं किया जा सकता। दिल्ली को छोड़कर देश भर में 'आप' भाजपा के लिए चुनौती नहीं है। फिर केजरीवाल से डरने के जुमले के मायने क्या हैं? 'आप' के प्रवक्ता और नेता चुनावी बॉन्ड का प्रलाप करते हुए आरोप-पत्र को खारिज नहीं कर सकते। अब अदालती ट्रायल ही अंतिम निष्कर्ष देगा। बुनियादी आरोप 45 करोड़ रुपये की घूस का है, जो राशि हवाला के जरिये, गोवा चुनाव के दौरान, भेजी गई थी। हवाला कारोबारियों का जुड़ाव 'आप' और केजरीवाल से बताया जा रहा है। जिन चुनावी प्रत्याशियों को नकद पैसा दिया गया, उनके नाम, बयान और ब्योरे भी ईडी ने दर्ज किए हैं। ईडी के मुताबिक, 'आप' भी ऐसी आपराधिक आय से लाभान्वित हुई थी। अब सवाल है कि धनशोधन वाले कानून के दायरे में क्या राजनीतिक पार्टी भी आती है? उस पर केस कैसे चलेगा? क्या पार्टी के प्रमुख प्रभारियों पर ही केस चलेगा? आरोप-पत्र के मुताबिक, पीएमएलए की धारा-70 के तहत 'आप' 45 करोड़ रुपये की आपराधिक आय की लाभार्थी है। केजरीवाल को भी इस आपराधिक आय की जानकारी थी। धारा-3 में 'आप' को भी धनशोधन के अपराध की दोषी माना गया है। धारा-70 में यह स्पष्ट उल्लेख है कि जो कंपनी (या पार्टी) का इंचार्ज होगा, उसे ही 'अपराधी' माना जाएगा। कानून में कंपनी की जो परिभाषा है, वह 'आप' पर भी लागू होती है। मुख्यमंत्री एवं 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ही 'जिम्मेदार प्रभारी' हैं अथवा वित्तीय मामलों का प्रभार किसी और नेता को दिया हुआ था? यह कोर्ट में साबित करना होगा।

## केजरी व आप की राजनीति दांव पर

बहरहाल केजरीवाल एवं समूह की राजनीति दांव पर है। फरवरी, 2025 से पहले दिल्ली में विधानसभा चुनाव हैं। दिल्ली में 'आप' और केजरीवाल के प्रति गुस्सा और मोहभंग के भाव महसूस किए जा सकते हैं। इस बार लोकसभा में भाजपा ने सभी सात सीटें जीती हैं, कांग्रेस व आप का गठबंधन भी काम नहीं आया। केजरीवाल अपनी कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं और दिल्ली बेसहारा छोड़ दी गई है। चिलचिलाती गर्मियों में जिस तरह पानी का संकट आम आदमी ने झेला है। बिजली के बिलों में गड़बड़ी सामने आई है। दिल्ली में सड़कों और नालियों के काम ठप हैं, यह बरसात के मौसम ने साबित कर दिया। मुहल्ला क्लीनिक भ्रष्टाचार और लापरवाही के अड्डे बन गए हैं और सरकारी अस्पताल भेड़-बकरियों की तरह भरे पड़े हैं, दवाएं उपलब्ध नहीं हैं, डॉक्टर परवाह नहीं करते, सरकार दावा करती है कि चिकित्सा मुफ्त है। राजनीतिक तौर पर देखें, तो 'आप' और कांग्रेस का गठबंधन टूट चुका है और भाजपा ने सातों लोकसभा सीट जीती हैं। केजरीवाल ने भी प्रचार किया था। सर्वोच्च अदालत ने उन्हें विशेष जमानत पर रिहा किया था, लेकिन वह भी 'आप' का एक भी उम्मीदवार जितवा नहीं पाए। संदेश साफ है, दिल्ली की जनता से केजरीवाल सहानुभूति भी नहीं हासिल कर पाए। उपराज्यपाल बनाम राज्य सरकार के मामले में सर्वोच्च अदालत भी कोई निर्णायक फैसला नहीं सुना सकी। सरकार में प्रत्येक स्तर पर अराजकता है। अधिकारी मंत्रियों की बात तक नहीं सुनते। मुख्य सचिव सरकार के खिलाफ ही रपटें उपराज्यपाल को देते हैं, जिनके आधार पर जांच बिठाई जाती है। दिल्ली में कई विभाग ऐसे हैं, जिनके कर्मचारी अपनी नौकरी की बहाली अथवा वेतन के लिए सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं। यदि केजरीवाल मुख्यमंत्री के तौर पर काम ही नहीं कर सकेंगे, तो वह कैबिनेट की बैठक भी नहीं बुला सकते। यदि कैबिनेट की बैठक नहीं होगी, तो फैसले कैसे लिए जाएंगे? अगले चुनाव के मद्देनजर किस फ्रीबिज का ऐलान कर सकेंगे केजरीवाल? 'आप' बिखराव की स्थिति में आ गई है। उसकी सरकार में मंत्री रहे, विधायक रहे और कार्यकर्ताओं की फौज पार्टी छोड़ कर भाजपा में गए हैं। केजरीवाल के सामने 'मुक्त' होने और आरोपों से निजात पाने की ही चिन्ता नहीं है, बल्कि उन्हें नये सिरे से पार्टी को भी एकजुट करना पड़ेगा। अगला विधानसभा चुनाव केजरीवाल व आम आदमी पार्टी की राजनीति का भविष्य निर्धारण करेगा। फिलहाल केजरीवाल व उनके नेता जेल से तो बाहर आएं।

# आम आदमी पार्टी का अस्तित्व दांव पर



**सियासी संकट**

रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

वर्ष 2012 में अण्णा आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी व्यवस्था परिवर्तन और नई क़िस्म की राजनीति करने के वादे के साथ आई थी। देशभर में लोगों को उम्मीद बंधी थी कि भारतीय राजनीति में एक मौलिक बदलाव आएगा, लेकिन अब अरविंद केजरीवाल वही कर रहे हैं, जो बाक़ी राजनीतिक दल करते हैं। ये पार्टी भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ हुए आंदोलन से निकली थी, इसलिए लगा था कि इस पार्टी का मूल या केंद्रीय विषय भ्रष्टाचार के ख़िलाफ लड़ाई होगा, लेकिन अब ये पार्टी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बात नहीं करती है। शुरूआती दौर में भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी आक्रामक थी। एक वक्त केजरीवाल लिस्ट जारी करते थे कि देश में कौन-कौन से भ्रष्ट नेता हैं, लेकिन पिछले 12 साल में उन्होंने भ्रष्टाचार पर कोई बात नहीं की। भ्रष्टाचार अब उनके लिए मुद्दा नहीं रह गया है। पहले इन्होंने कहा कि पूर्ण बहुमत मिलने पर जन लोकपाल क़ानून लाएंगे, लेकिन आज तक वो हो नहीं सका। उल्टा अरविंद केजरीवाल सहित आम आदमी पार्टी के कई नेताओं पर भ्रष्टाचार समेत कई तरह के आरोप लगे।

## मकसद कमज़ोर हुआ

बहरहाल, पार्टी के गठन के करीब 12 साल हो चुके हैं। इस दरम्यान आप ने 12 साल में दो राज्यों यानी दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाई तो वहीं गुजरात और गोवा में भी पार्टी के विधायक चुने गए। बहुत ही कम समय में आम आदमी पार्टी ने नेशनल पार्टी का दर्जा हासिल कर लिया, लेकिन जिस मकसद के साथ पार्टी का जन्म हुआ था, वह कमज़ोर हुआ है। जितनी तेजी से पार्टी आगे बढ़ी, उतनी ही तेजी से वह विवादों में घिरती भी चली गई। बेशक पार्टी के रूप में उनकी कई उपलब्धियां हैं। फिर भी आम आदमी पार्टी से पूरे देश को एक उम्मीद बंधी थी कि राष्ट्रीय स्तर पर कुछ बदलाव होगा। वैसा तो नहीं हुआ, लेकिन इसका असर ये ज़रूर हुआ कि भ्रष्टाचार के खिलाफ इस आंदोलन के बाद जो पार्टी (बीजेपी) केंद्र में कभी अपने बूते सत्ता में नहीं आई थी, वह भारी बहुमत से सत्ता में आ गई।

## कथनी-करनी में फर्क

ये पार्टी शुरू में ही कहती थी कि हम ना तो कभी कांग्रेस के साथ जाएंगे, ना बीजेपी के साथ जाएंगे। इसका मतलब था कि ये पार्टी जो परंपरागत राजनीति है उनके साथ जाने को तैयार नहीं है। इन्होंने कांग्रेस के नेताओं और बीजेपी के नेताओं पर कई तरह के आरोप भी लगाए थे। कई नेताओं की लिस्ट जारी कर उन्हें भ्रष्ट क़रार दिया गया, लेकिन कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार भी बनाई और लोक सभा में गठबंधन भी किया। इतना ही नहीं बीजेपी को मिलकर हराने की बात करने वाले विपक्षी पार्टियों के साथ मंच साझा करते हुए भी केजरीवाल को देखा गया है।

## भ्रष्टाचार के आरोप में ही घिरे

बहरहाल, भ्रष्टाचार के आरोप में आज खुद अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। उनसे पहले पार्टी के कई बड़े नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। वहीं दूसरी तरफ



आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले उनकी पार्टी के कई नेता अपने शीर्ष नेता पर गंभीर आरोप लगा कर पार्टी से अलग हो रहे हैं। ऐसे में अब पार्टी के अस्तित्व पर भी संकट आ गया है। लोकसभा चुनावों में बुरी तरह हारने के बाद अब सहयोगी दल कांग्रेस का भी साथ छूट चुका है। स्वाभाविक है दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी में भगदड़ मचना तय है, क्योंकि आम आदमी पार्टी अरविंद केजरीवाल से शुरू होकर अरविंद केजरीवाल पर ही खत्म हो जाती है। जो भविष्य के नेता हो सकते थे, उनसे या तो अरविंद केजरीवाल ने पीछा छुड़ा लिया या फिर वो खुद अरविंद केजरीवाल को छोड़कर चले गए। जो बचे रह गए उनमें से अधिकांश जेल पहुंच गए हैं, इसलिए इस समय केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ ही आम आदमी पार्टी के सामने नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है। कई सवाल पैदा हो गए हैं जिनका जवाब पार्टी को तत्काल खोजना होगा। आम आदमी पार्टी किसी लंबे संघर्ष से निकली जमी जमाई पार्टी नहीं है, इसलिए उसमें टूट की संभावना पैदा हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। केजरीवाल के जेल जाने से संकट सिर्फ दिल्ली सरकार पर ही नहीं बल्कि समूची आम आदमी पार्टी पर आ गया है, क्योंकि दिल्ली में विधानसभा सभा चुनाव अगले साल होने वाला है। आम आदमी पार्टी दिल्ली में अकेल विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। यानी कांग्रेस के साथ किसी भी प्रकार के गठबंधन से इनकार कर दिया है। आज भले ही कांग्रेसी नेता केजरीवाल के समर्थन में बयान दे रहे हैं, लेकिन इस गिरफ्तारी का सबसे ज्यादा लाभ कांग्रेस ही उठाने की कोशिश करेगी, क्योंकि कांग्रेस के लिए दिल्ली में केजरीवाल वो बाधा है जिसके दूर हो जाने पर उनके लिए मैदान साफ हो जाता है। वहीं अरविन्द केजरीवाल विहीन आम आदमी पार्टी का विधानसभा चुनाव में कुछ खास हासिल करना मुश्किल ही है। ऐसे में 'आप' के 'आम आदमी' अगर कहीं और ठौर तलाशने निकल जाएं तो भी कोई आश्चर्य नहीं होगा। याद रखिए जनता दल बिखरा था तो उसमें से छोटे छोटे दल निकले थे। आम आदमी पार्टी बिखरी तो उसमें सिर्फ आदमी निकलेंगे जो अपनी सुविधानुसार कहीं और अपना ठिकाना तलाश लेंगे।

## बुनियादी मुद्दों से मुंह मोड़ा

बहरहाल, महज़ कुछ सालों में ही अरविंद केजरीवाल ने विशुद्ध व्यावहारिक राजनीति का रुख लेते हुए और अण्णा आंदोलन के पीछे काम कर रहे धुर दक्षिणपंथी ईको सिस्टम के मुताबिक अपनी राजनीति को सेवा-सुविधा आधारित बना लिया और देश के उन बुनियादी मुद्दों से न केवल मुंह ही मोड़ा बल्कि उन्हें हवा देने के लिए एक ऐसे विपक्ष का रूप भी धारण कर लिया जो पक्ष-विपक्ष के कांग्रेस मुक्त भारत के कतई अलोकतांत्रिक, लेकिन साझा सपने के अनुकूल हो, इसलिए आम आदमी पार्टी की सबसे बड़ी दुविधा ये है कि वे किस मुंह से राज्य के लोगों के साथ नए वादे करे। क्योंकि कई पुराने वादे अभी तक पार्टी पूरी नहीं कर सकी।

## विस चुनाव में आप की परीक्षा

बहरहाल, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का देश समाज पर कोई असर हो न हो, आम आदमी पार्टी के अस्तित्व पर बहुत गहरा असर होने वाला है। ये भी संभव है कि जब यह राजनीतिक बवंडर खत्म हो तब पता चले कि जो अंधड़ आया था, वह अपने साथ उस पार्टी को ही उड़ाकर ले गया जो संयोग से एक दशक पहले आंदोलन की आंधी से ही पैदा हुई थी। अगले साल दिल्ली में विधानसभा चुनाव हैं और देखना होगा कि नेता के तौर पर अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी आम आदमी पार्टी फिर से अपना करिश्मा तिहरा पाते हैं या नहीं?भ्रष्टाचार के खिलाफ की राजनीति का भ्रष्टाचार के आरोप में ही घिर जाना किसी विडंबना से कम नहीं है, आप का यही संकट है।

# ...आखिर कैसे चले दिल्ली सरकार



**दो टूक**

योगेश कुमार सोनी
वरिष्ठ पत्रकार

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को बीते शुक्रवार को शीर्ष अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी राहत दी है, लेकिन अंतरिम जमानत के बाद भी सीएम केजरीवाल को सीबीआई से राहत नही हैं और उन्हें जेल में ही रहना होगा, चूंकि इस मामले में सीबीआई में भी केस अलग से चल रहा है। इसके अलावा दिल्ली सरकार के मुख्य सिपहसालारों में से एक पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी लंबे समय से जेल में है। संजय सिंह, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन भी जेल में रह चुके और जिस वजह से पार्टी में उनकी सक्रियता उतनी नहीं है जैसे पहले थी। सतेन्द्र जैन के विषय में बात करें तो वह भी लंबे समय जेल में रहे और बाहर आते ही मानो उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया हो। इसके अलावा स्वातिमाल से अरविंद केजरीवाल के घर पर जो मारपीट वाला कांड हुआ था उससे पार्टी ने स्वाति को बिल्कुल बैकफुट पर लाकर खड़ा कर दिया। इन सारे मामलों के चलते आम आदमी पार्टी का अस्तित्व पूर्ण रूप से खतरे में आ गया जिसकी वजह से दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले विभाग ठीक ढंग से संचालित नहीं हो रहे।

## स्थिति पहले जैसी नहीं

दिल्ली का शिक्षा विभाग जब सिसोदिया के पास था तो उन्होंने शिक्षा मॉडल को सुधारने की हुंकार भरी और इस तर्ज पर पार्टी ने विदेशी मीडिया में सुर्खी बटोरी थी, लेकिन अब शिक्षा समेत तमाम सारे विभागों की स्थिति पहले जैसी बेहतर नहीं रही। स्थिति यह है कि विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी मनमानी पर उतर आए हैं और जो मॉनिटरिंग होती है व पार्टी के बड़े नेताओं के जेल व उनकी सक्रियता कम होने की वजह से शून्य हो गई। फरवरी 2020 में केजरीवाल द्वारा विभाग छोड़ने के बाद सिसोदिया ही मुख्यमंत्री के पोर्टफोलियो वाले विभाग देख रहे थे। अब थोड़ा और गंभीरता से सोचें तो दिल्ली सरकार के मुख्य सिपहसालार मनीष सिसोदिया एक समय पर पूरी सरकार को संचालित कर रहे थे और जैसा भी सही सरकार को चला रहे थे, लेकिन जब केजरीवाल भी जेल गए तो पार्टी के सामने कई तरह की चुनौतियां आ रही हैं। क्या नए मंत्री उतनी जल्दी चीजों को टेकओवर कर लेंगे जितने बेहतर तरीके से संचालित हो रही थी, स्पष्ट है कि किसी भी नए मंत्री को काम समझने में समय लगेगा।

## टाले जा रहे काम

सिसोदिया व केजरीवाल को लंबे समय से काम करते हुए अनुभव हो चुका था। दिल्ली सरकार के जिन सभी विभागों को वह संचालित कर रहे थे उन सब में उनको महारत हासिल हो चुकी थी। जैसा कि सिसोदिया के पास दिल्ली सरकार के अहम विभाग थे जिनमें सक्रियता हमेशा अधिक बनी रहती थी, लेकिन अब हालात यह है कि जलभराव, शिक्षा के संबंधित के अलावा किसी विभाग में यदि कोई शिकायत यह किसी भी प्रकार का काम कराने हेतु कोई चिठ्ठी दी जाए तो उस पर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं हो रही। यदि विभाग में जाकर बात भी की जाए तो अधिकारी केजरीवाल



के जेल जाने का हवाला देकर कहते हैं कि मुख्यमंत्री के बाहर आने के बाद ही काम होगा। अभी निवारण की प्रतीक्षा करनी होगी।

## कार्यशैली पर बट्टा

इसके अलावा पार्टी के अन्य नेताओं व समर्थकों का मन भी कमजोर होता जा रहा है, चूंकि बीते लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन के बावजूद आम आदमी पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई, जबकि विधानसभा व निगम के चुनावों में पार्टी का बोलबाला है, लेकिन लोकसभा चुनाव में जैसी कल्पना की थी वह उसके विपरीत निकली। आम आदमी पार्टी लगभग दशकभर के सफर में विकल्प की राजनीति से स्वयं विकल्प बनकर रह गए। नेता व कार्यकर्ता जुड़ने की बजाय टूटने लगे। संकट के समय में बीते चार महीने में चार ऐसे नेता पार्टी छोड़ चुके जो पार्टी से विधानसभा चुनाव जीत चुके। इनमें विधायक, पूर्व विधायक व मंत्री भी शामिल हैं। ज्ञात हो कि मंत्री पद पर रहते हुए राजकुमार आनंद ने पार्टी पर भ्रष्टाचार लगाते हुए इस्तीफा दे दिया था और जब से अब लगातार इस्तीफों का सिलसिला जारी है। बीते एक महीने में पार्टी के एक विधायक व पूर्व विधायक ने भाजपा भी ज्वाइन की जिससे पार्टी की कार्यशैली पर बट्टा लगा। आप जितनी तेजी से हल्ले व शोरगुल के साथ राजनीति में आई थी उतनी ही जल्दी उसका अस्तित्व खतरे में आता दिख रहा है। जब से सरकार बनी तब से अपने हक को लेकर एलजी से लड़ाई लड़ने की बात करते हुए अपने काम को आज तक पूरा नहीं कर पा रही थी कि इतने नेताओं के जेल जाने से संचालन प्रक्रिया बिल्कुल बाधित हो चुकी है।

## सबसे अहम सवाल

दिल्ली में बारिश की वजह से जलभराव के कारण लोगों की मौतें तक भी हुईं, जिस पर सब ने प्रतिक्रिया दी लेकिन इस बार काम किसी ने नहीं किया। बीती 29 अप्रैल में दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को शहर के नागरिक निकाय द्वारा संचालित स्कूलों में शिक्षा की स्थिति को लेकर एक याचिका पर सुनवाई की थी जिसमें कोर्ट ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली सरकार ठहर गई है। दिल्ली जैसी व्यस्त राष्ट्रीय राजधानी में मुख्यमंत्री का पद कोई औपचारिक नहीं है, उन्हें चौबीस घंटे उपलब्ध रहना होता है। उनकी अनुपस्थिति बच्चों को उनकी मुफ्त पाठ्य पुस्तकों, लेखन सामग्री और ड्रेस से वंचित नहीं कर सकती। दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा था कि राष्ट्रीय हित और सार्वजनिक हित की मांग है कि इस पद पर रहने वाला कोई भी व्यक्ति लंबे समय तक या अनिश्चित अवधि के लिए संवादहीन या अनुपस्थित न रहे, लेकिन बावजूद इसके न तो दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अभी तक इस्तीफा दिया और न ही किसी अन्य विकल्प को लेकर काम करने की योजना बनाई। इस मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मिसाल कायम की। आरोप लगे तो इस्तीफा दिया, कानून का सामना किया, फिर जब अदालत से राहत मिली तो वापस सीएम बन गए। उनके इस कदम से कम से कम झारखंड की विधायी प्रक्रिया न बाधित हुई, न ठप हुई। हेमंत सोरेन भी जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप का सामना कर रहे हैं। उन पर लगाए ईडी के आरोपों में अदालत को दम नहीं लगा, और इसलिए राहत मिल गई। दरअसल, देश में पहली बार ऐसा हो रहा है कि सीट पर रहते कोई मुख्यमंत्री जेल गया हो और जेल जाने के बाद भी इस्तीफा न दिया हो। एक मुख्यमंत्री का सत्ताजीवी होना ठीक नहीं है। इसके अलावा यह भी पहली बार हो रहा है कि मनी लांड्रिंग मामले में किसी मौजूदा सरकार के मंत्री गए हो। लेकिन अब सवाल यह है कि आखिर देश की राजधानी कैसे चलेगी और इसके लिए किस तरह के नियम कानून चाहिए होंगे जिससे रफ्तार आगे बढ़े।

## तीसरी बार पीएम बनने के बाद पहला महाराष्ट्र दौरा

# पिछले 3 से 4 सालों में भारत में आठ करोड़ नए रोजगार बने : मोदी

## मुंबई में 29 हजार 400 करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत की

एजेंसी ⏭ मुंबई

तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी पहली बार मुंबई दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 29 हजार 400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 3 से 4 सालों में भारत में आठ करोड़ नए रोजगार बने हैं। इस आंकड़े ने नौकरियों पर फर्जी बयानबाजी करने वालों को चुप करा दिया है। गोरेगांव स्थित नेस्को सेंटर में प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स में इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी टावर्स, ठाणे-बोरीवली प्रोजेक्ट, बीएमी की गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड ट्विन टनल प्रोजेक्ट शामिल हैं।

### 16,600 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही ठाणे बोरीवली टनल

एमएमआरडीए के प्रवक्ता के मुताबिक, ठाणे-बोरीवली टनल प्रोजेक्ट को 16,600 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। यह ट्विन ट्यूब टनल संजय गांधी नेशनल पार्क के नीचे से गुजरेगी, जो बोरीवली में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे और ठाणे में घोड़बंदर रोड के बीच सीधा संपर्क बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि 11.8 किमी लंबी ठाणे-बोरीवली लिंक रोड के बनने से ठाणे से बोरीवली का सफर 12 किमी कम हो जाएगा। इससे यात्रियों को करीब 1 घंटे का समय बचेगा। इस मौके पर मोदी ने कहा कि आज मुझे महाराष्ट्र और मुंबई के लिए 3 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स के शिलान्यास और लोकार्पण का अवसर मिला है। इन प्रोजेक्ट्स से मुंबई और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।



### एनडीए सरकार ही दे सकती है स्थिरता

मोदी ने कहा लोग जानते हैं कि एनडीए सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है।तीसरी बार शपथ लेने के बाद मैंने कहा था कि तीसरे टर्म में एनडीए सरकार तीन गुना तेजी से काम करेगी और आज ये होते हुए हम देख रहे हैं। 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाएं इस समय बहुत ऊंचे स्तर पर हैं। इस सदी के करीब-करीब 25 साल बीत चुके हैं। देश की जनता लगातार तेज विकास चाहती है, अगले 25 वर्ष में भारत को विकसित बनाना चाहती है। बीते 10 साल में महाराष्ट्र में नेशनल हाइवे की लंबाई बढ़कर तीन गुना हो चुकी है।

### सभी वर्गों को सशक्त कर रहे

पीएम ने कहा कि गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड प्रोजेक्ट प्रगति और प्रकृति के तालमेल का शानदार उदाहरण है। कनेक्टिविटी के ऐसे इंफ्रास्ट्रक्चर से पर्यटन, खेती और उद्योग सभी को लाभ हो रहा है। इससे रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं। जब अच्छी कनेक्टिविटी होती है, तो उससे महिलाओं को सुरक्षा, सुविधा और सम्मान भी मिलता है। यानी एनडीए सरकार के ये काम गरीब, किसान, नारीशक्ति और युवाशक्ति को सशक्त कर रहे हैं।

**जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत** : मोदी ने मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी के सचिवालय आईएनएस टावर्स का उद्घाटन किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

**डिजिटल भुगतान में अग्रणी बना भारत** : मोदी ने यह भी बताया कि भारत कैसे डिजिटल भुगतान में अग्रणी बन गया है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब कुछ राजनेता कहा करते थे कि डिजिटल लेनदेन भारत के लिए नहीं है। मोदी ने कहा, उनकी पहले से धारणा थी कि आधुनिक तकनीक इस देश में काम नहीं कर सकती। लेकिन, देश के लोगों की क्षमता दुनिया देख रही है।

### गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड की आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। 6,300 करोड़ रुपए की लागत बनने वाली गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड प्रोजेक्ट की ट्विन टनल गोरेगांव में वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे को मुलुंड में ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे से जोड़ेगी। बृहन्मुंबई नगर निगम के अधिकारी के मुताबिक, गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड की कुल लंबाई 6.65 किमी है। इसके बाद पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों के बीच की 75 मिनट की यात्रा को 25 मिनट में पूरा किया जा सकेगा। साथ ही पश्चिमी उपनगरों की नवी मुंबई में प्रस्तावित एयरपोर्ट और पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

---

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल का 8.5 किलो वजन घटा : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आप के राज्यसभा सांसद सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने



प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल का वजन साढे.8 किलो तक कम होने का मामला उठाया। केंद्र पर साजिश का आरोप लगाया है। संजय शर्मा ने कहा, भाजपा का मकसद प्रताड़ित करना है। सरकार का मकसद केजरीवाल की जिंदगी से खिलवाड़ करना है।

### 35 हजार के लिए चाची ने बेच दी 11 साल की बच्ची

**बेंगलुरु।** कर्नाटक से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया



है। तुमकुर की एक 11 वर्षीय लड़की को उसकी चाची ने कथित तौर पर 35 हजार रुपए का कर्ज चुकाने के लिए बेच दिया था। बच्ची को आंध्र प्रदेश के हिंदूपुर में बेचा गया था। लेकिन तुमकुर सिटी की पुलिस ने उसे सफलतापूर्वक बचा लिया और उसके घर वापस ले आई। नाबालिग मौसी के घर थी।

### कर्नाटक आदिवासी बोर्ड के प्रमुख दद्दाल लापता


**बेंगलुरु।** कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष बसनगौड़ा



दद्दाल कथित तौर पर लापता हैं। ईडी उन्हें बोर्ड में अनियमितता के सिलसिले में हिरासत में लेने की तैयारी में था। कांग्रेस के विधायक बसनगौड़ा दद्दाल बेंगलुरु या अपने पैतृक स्थान रायचूर में अपने आवास पर नहीं मिले। शुक्रवार को एसआईटी के सामने पेश हुए थे।

### डांस शो में मुर्गी का सिर काटा, खून चेहरे पर लगाया

**अनकापल्ली ।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली में डांस शो के दौरान एक मुर्गी को जान-बूझकर मारने के



मामले में कलाकार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कलाकार ने कार्यक्रम में पक्षी का सिर काटकर उसकी बेरहमी से हत्या की। पशु अधिकार संगठन 'पेटा' की इकाई ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा किया और कहा उसने प्राथमिकी दर्ज कराने के कदम उठाए हैं।

---

## जम्मू-कश्मीर के एलजी की शक्तियां बढ़ी, दिल्ली की तरह ट्रांसफर-पोस्टिंग में मंजूरी जरूरी

# विपक्ष ने किया विरोध, महबूबा बोलीं कश्मीर में हमारी जिंदगी नर्क बना दी

**गृह मंत्रालय ने धारा 55 के तहत बदले हुए नियमों को नोटिफाई किया**

*राज्य में इसी साल सितंबर तक विधानसभा चुनाव, अब शक्तियां एलजी के पास ही रहेंगी*

एजेंसी ⏭ दिल्ली/श्रीनगर

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल (एलजी) की प्रशासनिक शक्तियां बढ़ा दी हैं। दिल्ली की तरह अब जम्मू-कश्मीर में राज्य सरकार एलजी की मंजूरी के बिना अफसरों की पोस्टिंग और ट्रांसफर नहीं कर सकेगी। गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 55 के तहत बदले हुए नियमों को नोटिफाई किया है, जिसमें एलजी को ज्यादा ताकत देने वाली धाराएं जोड़ी गई हैं। उपराज्यपाल के पास अब पुलिस, कानून व्यवस्था और ऑल इंडिया सर्विस से जुड़े मामलों में ज्यादा अधिकार होंगे। सूत्रों से मिली जानकारी से केंद्र ने सिर्फ व्यापार नियमों के लेनदेन में संशोधन किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में बाकी चीजों का जिक्र पहले से ही था।

### पुलिस, कानून व्यवस्था से जुड़े अधिकार होंगे



#### विस से सब कुछ छीना : मुफ्ती

इस आदेश ने जम्मू-कश्मीर की विधानसभा से सब कुछ छीन लिया है। वे इसे नगरपालिका में



बदलना चाहते हैं। कल जम्मू और कश्मीर में कोई सरकार बनती है, तो उसके पास कोई अधिकार नहीं होगा। अगर आपको यहां के लोगों पर भरोसा नहीं है, तो आपने लोगों को यहां क्यों रखा है? आप लोगों ने इस कश्मीर में हमारी जिंदगी नर्क बना दी है।

#### हर चीज एलजी से मांगनी पड़ेगी : उमर




उमर अब्दुल्ला ने कहा कि एक और संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव नजदीक हैं। यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण, अविभाजित राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए समय सीमा निर्धारित करने की दृढ़ प्रतिबद्धता इन चुनावों के लिए एक शर्त है। जम्मू-कश्मीर के लोग शक्तिहीन, रबर स्टाम्प एलजी से बेहतर के हकदार हैं, जिन्हें अपने चपरासी की नियुक्ति के लिए भी एलजी से भीख मांगनी पड़ेगी।

### दो अहम संशोधन

**42ए :** पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से जुड़े किसी भी प्रस्ताव को तब तक मंजूर या नामंजूर नहीं किया जा सकता, जब तक मुख्य सचिव के जरिए उसे उपराज्यपाल के सामने नहीं रखा जाए। अभी इनसे जुड़े मामलों में वित्त विभाग की सहमति लेना जरूरी है।

**42बी:** किसी प्रकरण में केस चलाने की मंजूरी देने या ना देने और अपील अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि विभाग मुख्य सचिव के जरिए उपराज्यपाल के सामने रखा जाना जरूरी होगा।



#### गैर भाजपा सरकार आएगी : इल्तिजा

इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि केंद्र जानता है यहां गैर



भाजपा सरकार आएगी। ऐसे समय में जब भारत सरकार के जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के बारे में काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, गृह मंत्रालय का यह नया फरमान, एक अनिर्वाचित उपराज्यपाल की पहले से ही बेलगाम शक्तियों को और ज्यादा बढ़ा रहा है। केंद्र सरकार अच्छी तरह जानती है कि जब जम्मू-कश्मीर में चुनाव होंगे तो एक गैर-भाजपा सरकार चुनी जाएगी।

#### राजनेता एकजुट हों : अल्ताफ बुखारी

अल्ताफ बुखारी ने कहा कि कश्मीर के राजनेता



एकजुट होने चाहिए। इस नए फैसले का उद्देश्य राज्य को खोखला बनाना है, जिसमें निर्वाचित सरकार के लिए कोई शक्ति नहीं बचेगी। जम्मू-कश्मीर के लोग इसका समर्थन नहीं करते हैं। इसलिए जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दलों से मतभेदों को दूर करने और केंद्र के कदम के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं।

***5 अगस्त, 2019 को पारित हुआ जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम***

5 अगस्त, 2019 को जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम (2019) संसद में पारित किया गया था। इसमें जम्मू और कश्मीर को दो भागों में बांटकर केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया। पहला- जम्मू-कश्मीर और दूसरा- लद्दाख। इस अधिनियम ने अनुच्छेद 370 को भी निरस्त कर दिया, जिसने जम्मू और कश्मीर को विशिष्ट दर्जा दिया था। जम्मू-कश्मीर जून 2018 से केंद्र सरकार के शासन के अधीन है। 28 अगस्त, 2019 को गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर में प्रशासन के नियमों को नोटिफाई किया था, जिसमें उपराज्यपाल और मंत्रिपरिषद के कामकाज की स्पष्ट व्याख्या की गई।

### 2014 में हुए आखिरी चुनाव

जम्मू-कश्मीर में विशेष दर्जा रद्द करने और 2019 में लद्दाख को अलग करने से पहले दिसंबर 2014 में आखिरी विधानसभा चुनाव हुए थे। तब महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और भाजपा की गठबंधन सरकार थी।

---

## साइबर सुरक्षा से विकास पटरी से उतर सकता है : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली (भाषा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को आगाह किया कि साइबर अपराध देश के विकास को पटरी से उतार सकते हैं। उन्होंने इस खतरे से निपटने के लिए संगठनों को साथ मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों को साइबर अपराधों का शिकार बनने से बचाने के लिए उन्हें डेटा



की सुरक्षा के बारे में और अधिक शिक्षित करने की आवश्यकता पर बल दिया। यहां एक थिंक टैंक द्वारा साइबर सुरक्षा पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि साइबर ठगी के शिकार लोगों तक कानूनी सहायता पहुंचाने की जरूरत है क्योंकि हो सकता है कि वे साइबर अपराधियों के हाथों अपना सारा पैसा गंवा चुके हों। देश की अर्थव्यवस्था की तीव्र वृद्धि का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''जब हम इस प्रकार के अपराधों, इस प्रकार के आक्रमणों के लिए तैयार नहीं होते हैं, तो अर्थव्यवस्था पटरी से उतर सकती है।'

## जम्मू से 4,600 तीर्थयात्रियों का जत्था मंदिर के लिए हुआ रवाना

**जम्मू (भाषा)।** दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 96 साधु और दो साध्वी सहित कुल 4,669 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था शनिवार तड़के जम्मू से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सभी तीर्थयात्री कश्मीर के बालटाल और पहलगाम आधार शिविर पहुंचने के बाद 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए रवाना होंगे। अधिकारियों ने बताया कि 165 वाहनों में सवार 4,669 तीर्थयात्रियों का 16वां जत्था तड़के तीन से चार बजे के बीच यहां भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। इन श्रद्धालुओं में 1130 महिलाएं और 23 बच्चे शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि 3,039 तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक पहलगाम मार्ग चुना है जबकि 1,630 तीर्थयात्री अपेक्षाकृत छोटे (14 किलोमीटर लंबे) बालटाल मार्ग से यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि 52 दिन की यात्रा औपचारिक रूप से 29 जून को शुरू हुई थी और इसका समापन 19 अगस्त को होगा। अधिकारी ने बताया कि अब तक 2.8 लाख तीर्थयात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किये हैं।

- **3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में बाबा बर्फानी के करेंगे दर्शन, अब तक 16 जत्थे हो चुके रवाना**

---

## त्रिपुरा में दो समूह के बीच झड़प में आदिवासी युवक की मौत

**अगरतला (भाषा)।** त्रिपुरा के धलाई जिले में दो समूह के बीच हुई झड़प में एक आदिवासी युवक की मौत के बाद कई दुकानों में आग लगा दी गई और घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिसके बाद अधिकारियों ने वहां निषेधाज्ञा लागू कर दी। धलाई जिले के गंडतविसा में सात जुलाई को दो समूहों के बीच झड़प में 19 वर्षीय छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके बाद उसे जीबीपी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन शुक्रवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आदिवासी युवक की मौत के बाद शुक्रवार को आगजनी की घटनाएं सामने आईं, जिसके बाद वहां अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया और इलाके में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। पुलिस ने बताया कि छात्र की मौत के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परमेश्वर रियांग अपने दोस्तों के साथ रथ यात्रा के अवसर पर आयोजित मेले में शामिल होने के लिए गंडतविसा बाजार गया था।

- **कई दुकानों में आग लगाने की घटनाएं सामने आई, इंटरनेट सेवाएं रोकी गई, अतिरिक्त बल तैनात**

## दुख साझा करने को पैरोल दी जा सकती है, तो खुशी पर क्यों नहीं

**मुंबई (भाषा)।** बंबई उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति को पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे उसके बेटे को विदा करने के लिए पैरोल प्रदान की और कहा कि यदि दुख बांटने के लिए पैरोल दी जा सकती है तो, खुशी के अवसर पर यह मिलनी चाहिए। अदालत ने कहा कि दोषियों को थोड़े समय के लिए सशर्त रिहाई दी जाती है, ताकि वे बाहरी दुनिया से संपर्क में रह सकें और अपने पारिवारिक मामलों की व्यवस्था कर सकें, क्योंकि जेल में रहते हुए भी अपराधी किसी का बेटा, पति, पिता या भाई होता है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने नौ जुलाई के अपने आदेश में कहा कि पैरोल और फरलो के प्रावधानों को समय समय पर दोषियों के प्रति "मानवतावादी दृष्टिकोण" के रूप में देखा गया है। अदालत विवेक श्रीवास्तव नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने आस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय में अपने बेटे की शिक्षा के लिए ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों का प्रबंध करने तथा उसे विदा करने के लिए पैरोल मांगी थी।

- **हाईकोर्ट ने पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे पिता को बेटे को विदा करने के लिए दी थी पैरोल**

## महाबोधि मंदिर परिसर के नीचे पुरातात्विक वास्तुशिल्प संपदा

**पटना (एजेंसी)।** उपग्रह चित्रों और जमीनी सर्वेक्षणों का उपयोग करते हुए भू-स्थानिक विश्लेषण में बिहार के बोधगया में महाबोधि मंदिर परिसर और उसके आसपास के क्षेत्र में 'विशाल वास्तुशिल्प संपदा' की मौजूदगी के साक्ष्य मिले हैं। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। यह अध्ययन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की एक शाखा बिहार हेरिटेज डेवलपमेंट सोसाइटी (बीएचडीएस) ने ब्रिटेन के कार्डिफ विश्वविद्यालय के सहयोग से किया है। यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल महाबोधि मंदिर परिसर भगवान गौतम बुद्ध के जीवन से संबंधित चार पवित्र स्थलों में से एक है। माना जाता है कि बोधगया वह स्थान है जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। बता दें, बोधगया में वर्तमान महाबोधि मंदिर परिसर में 50 मीटर ऊंचा भव्य मंदिर, वज्रासन, पवित्र बोधि वृक्ष और बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति के अन्य छह पवित्र स्थल शामिल हैं जो कई प्राचीन स्तूपों से घिरा हुआ है। बीएचडीएस बिहार में सातवीं शताब्दी के चीनी भिक्षु जुआनजैंग की यात्रा के पुरातात्विक निशान पर बहुविषयक परियोजना पर काम कर रहा है।

- **उपग्रहों और जमीनी सर्वेक्षण के बाद हुआ बड़ा खुलासा**


**MASTER OF APPLIED EPIDEMIOLOGY (MAE)**
**[INDIA EPIDEMIC INTELLIGENCE SERVICE (EIS) PROGRAMME]**

National Centre for Disease Control, Delhi
and
H.N.B. Medical Education University, Uttarakhand
In Collaboration with
US Centers for Disease Control and Prevention, Atlanta

**INVITING APPLICATIONS**

The India EIS programme is a competency-based two-year field epidemiology training. The programme is modeled after the EIS programme of the US Centers for Disease Control and Prevention (CDC). The EIS Programme leads to a Master's in Applied Epidemiology (MAE) degree from H.N.B. Medical Education University, Uttarakhand.

**Eligibility Criteria**

1. MD (Public Health/Preventive and Social Medicine/Community Medicine) **OR**
   MD/MS (Clinical or Para-Clinical) **OR**
   MBBS with Postgraduate Diploma in Clinical, Para-clinical, or Public Health from any recognized institution with 3 years of public health experience/working in National or State Health Programs **OR**
   BDS/BVSc with Master in Public Health (MPH) from any recognized institution with 3 years of public health experience/working in National or State Health Programs **OR**
   MBBS from any recognized institution with minimum 5 (five) years work experience in public health experience/working in National or State Health Programs.
2. Age: Not exceeding 45 years as of the last date of application

**State-sponsored candidates**

Government sponsored candidates should be regular employee working in central or state government/autonomous bodies/medical colleges/PSUs and nominated by the state/organization.

**Self-sponsored candidates**

Self-sponsored candidates do not require nominations. They can apply directly if fulfilling the eligibility criteria.

For more information and prescribed application form, please visit http://www.ncdc.gov.in

Last Date for receiving applications – 15th August 2024.

**NATIONAL CENTRE FOR DISEASE CONTROL**
**(DIRECTORATE GENERAL OF HEALTH SERVICES)**
*MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE, GOVT. OF INDIA*
22-Shamnath Marg, Delhi- 110054. Tel: 011-23990213

CBC 17129/11/0001/2425


---

## आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवोव्रत ने जताई उम्मीद

# 7 साल में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

एजेंसी ⏭ मसूरी

भारत 2031 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें केवल 2060 तक का समय लगेगा।

यह बात आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देवोव्रत पात्रा ने मसूरी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। पात्रा ने कहा कि यह कल्पना करना संभव है कि भारत अगले दशक की शुरुआत में ही दुनिया की दूसरी अर्थव्यवस्था बन सकता है।

*मसूरी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया*

**सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में लगेगा वक्त**



### *हर साल 9.6 प्रतिशत की दर से बढ़ना होगा*

*पात्रा ने कहा , इन लक्ष्यों को हासिल करना है , विकसित अर्थव्यवस्था बनना है तो 10 वर्षों तक 9.6 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से आगे बढ़ना होगा।*

**निम्न मध्यम वर्ग सर्वाधिक क्रांतिकारी कदम उठाएं**

वर्तमान में भारत में निम्न मध्यम वर्ग की संख्या सबसे ज्यादा है। वर्तमान में भारत 3.6 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया है। 2500 डॉलर प्रतिव्यक्ति आय पर भारत निम्न मध्यम आय के समूह देशों में आता है। यहां तक पहुंचने के लिए हमने एक कठिन यात्रा का पूरा किया है। भारत को क्रांतिकारी कदम उठाने होंगे।

### *2048 तक अमेरिका को अर्थव्यवस्था में पछाड़ देगा भारत*

*आर्थिक सहयोग और विकास संगठन का अनुमान है कि पीपीपी के संदर्भ में भारत 2048 तक अमेरिका को पछाड़कर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ते इन्फ्लेशन के लिए डिप्टी गवर्नर ने कहा कि यह आरबीआई इसे अपने लक्ष्य के अनुरूप करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2025-26 तक इन्फ्लेशन कम होकर 4.1 प्रतिशत पर आ जाएगी। इस समय भारत की इन्फ्लेशन दर 4.5 है जो घट कर 4.1 पर आ जाएगी। बैंकिंग प्रणाली भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। जीएनपीए, जो कि मार्च 2018 में अपने चरम से गिरकर मार्च 2024 तक कुल संपति का 2.8 प्रतिशत हो गई है। इस समय पर शुद्ध एनपीए केवल 0.6 प्रतिशत है, जो कि देश के पूंजी और तरलता बफर नियामक मानदंडों से काफी ऊपर है।*

## खबर संक्षेप

### लापता बीएसएफ की दो कांस्टेबल बंगाल में मिलीं

**ग्वालियर (भाषा)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अकादमी की दो महिला कांस्टेबल पश्चिम बंगाल में मिली हैं। दोनों एक महीने से अधिक समय से लापता थीं। पदोनों महिला कांस्टेबल में से एक की मां ने कुछ दिन पहले शिकायत दर्ज कराई थी कि बीएसएफ अकादमी में उनकी बेटी की बंगाल के मुर्शिदाबाद की रहने वाली एक अन्य महिला कांस्टेबल से दोस्ती हो गई थी और उनकी बेटी को उसकी सहेली छह जून को बंगाल ले गई।

### भारतीयों के लिए ब्रिटेन ने शुरू की परियोजना

**नई दिल्ली (भाषा)।** ब्रिटिश काउंसिल ने भारत के युवाओं और लोगों को जलवायु के प्रभावों के प्रति सजग करने और देश को ''शुद्ध-शून्य अर्थव्यवस्था'' में तब्दील करने में योगदान देने के लिए उन्हें आवश्यक कौशल से लैस करने के वास्ते एक पहल शुरू की है। 'एचएसबीसी इंडिया' के साथ साझेदारी में ''जलवायु कौशलः भारत में बदलाव के लिए जरूरी चीजें'' परियोजना की शुरूआत की गई है।

### यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ एफआईआर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के पैरोडी (मिलते-जुलते नाम वाले) अकाउंट से आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर केस दर्ज किया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी के बारे में इससे फर्जी संदेश पोस्ट किया गया था। राज्य के साइबर विभाग के अनुसार, ध्रुव राठी नाम वाले अकाउंट से दावा किया गया कि बिरला की बेटी ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा दिए बिना ही उसे पास कर लिया है।

### इजराइली हमले में कम से कम 90 लोग मारे गए

**यरूशलम (एपी)।** इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी में एक बड़े हमले में हमास के एक सैन्य कमांडर को निशाना बनाया। हालांकि स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है इस हमले में बच्चों सहित कम से कम 90 लोग मारे गए हैं। हमास ने इजराइल के इस दावे को खारिज कर दिया है।

यूपी में नेपाल से लगे जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने


# मप्र और उप्र समेत आठ राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी

## बिहार में बिजली गिरने से 24 घंटे में 21 की जान गई | रोहतास में झरने में फंसे 6 लोग, वन विभाग ने बचाया | दिल्ली-लखनऊ हाईवे लगातार दूसरे दिन बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देशभर में कई राज्यों में बारिश आफत बनी हुई है। वहीं मौसम विभाग ने उप्र-मप्र समेत 8 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, जम्मू, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट है। उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, विदर्भ (महाराष्ट्र), छत्तीसगढ़ में तूफान और बिजली गिरने का अलर्ट है। उधर, उत्तर प्रदेश में नेपाल से लगे जिलों बाढ़ जैसे हालात हैं। बिहार में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। राजस्थान में पिछले 24 घंटों के दौरान कहीं-कहीं पर भारी बारिश और कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई है। असम में शनिवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश जारी रहने के कारण राज्य में 15 सड़कें बंद हैं।





### बिहार में नदियां उफान पर

**पटना(एजेंसी)।** बिहार में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। भागलपुर में गंगा और कोसी के कटाव में कई घर बह गए हैं। यहां रोहतास के मां तुतला भवानी धाम वाटरफॉल में शनिवार सुबह पानी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। 6 लोग तेज बहाव में फंस गए। वन विभाग की टीम ने उन्हें रेस्क्यू किया। भारी बारिश के बीच बिजली गिरने से पिछले 24 घंटे में 12 जिलों में 21 लोगों की मौत हुई हैं। उप्र के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज के करीब 800 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। शाहजहांपुर में दिल्ली-लखनऊ हाईवे दूसरे दिन बंद है।

### ठाणे में बारिश के पानी के छींटे पड़ने पर तिपहिया चालक को चाकू मारा

ठाणे (भाषा) महाराष्ट्र की ठाणे पुलिस ने उस व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसने ऑटोरिक्शा के पहिये से पानी के छींटे पड़ने के बाद संबंधित ऑटो चालक पर हमला कर दिया। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे घोड़बंदर रोड पर मोटरसाइकिल चलाते वक्त ऑटो के पहिये से पानी के छींटे पड़ने के बाद आरोपी शाहबाज उर्फ नन्नू खान की ऑटो चालक से कहासुनी हुई। ऑटोरिक्शा का एक पहिया एक गड्ढे में चला गया और पानी के छींटे खान पर पड़ गईं, जिससे वह नाराज हो गया। एक घंटे बाद ऑटो चालक के उसी रास्ते से लौटते समय खान ने उस पर चाकू से हमला किया और जमकर पिटाई कर दी।



गंगटोक में तीस्ता का जलस्तर बढ़ा, बाजार डूबा

### असमः बाढ़ से 8.4 लाख प्रभावित

**गुवाहाटी (भाषा)।** असम में बाढ़ के कारण एक और व्यक्ति की मौत हो गई वहीं 20 जिलों में 8.4 लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। एक आधिकारिक बुलेटिन में शनिवार को यह जानकारी दी गयी। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार धेमाजी जिले के गोगामुख राजस्व क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से संबंधित घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 107 हो गई है। प्रशासन 13 जिलों में 221 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र चला रहा है।

### नेपाल में तलाशी अभियान जारी



### नदी में बहने के बाद एक भारतीय समेत तीन लोगों के शव बरामद

**काठमांडू (एपी)।** नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आकर दो बसों के उफनती नदी में बहने के बाद शनिवार को 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक समेत तीन लोगों के शव बरामद किये गये। दोनों बसों में सात भारतीय नागरिकों समेत 50 से अधिक लोग सवार थे। नेपाल के चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सात भारतीयों सहित 54 यात्रियों को लेकर जा रही दो बसें भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनती त्रिशूली नदी में बह गई थीं। इनमें से तीन यात्री तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए थे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर से पहला शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान भारतीय नागरिक ऋषि पाल शाही के रूप में हुई है। एक अखबार की खबर में भाई के हवाले से कहा गया है कि शाही मूल रूप से बिहार के मोतिहारी शहर के राजमुनुवा इलाके के रहने वाले थे और नेपाल में रहकर काम करते थे। पुलिस ने कहा कि शाही का शव चितवन जिले की नारायणी नदी में रेत से आधा ढका पाया गया और शव से एक भारतीय पहचान पत्र बरामद किया गया है। 'माई रिपब्लिका' समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार, पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और चितवन जिला पुलिस कार्यालय के प्रवक्ता रिजल ने बताया कि मृतक भारतीय नागरिक उस बस का यात्री था जो काठमांडू से गौर जा रही थी।

■ सात भारतीयों सहित 54 यात्रियों को लेकर जा रही दो बसें भूस्खलन की चपेट में आई थीं

## अनंत-राधिका का आशीर्वाद समारोह

### मोदी ने वैवाहिक जीवन की नई यात्रा की शुभकामनाएं दीं



समारोह में बच्चन समेत देश-विदेश की कई हस्तियों ने शिरकत की

*मुकेश अंबानी ने कहा अनंत और राधिका सात जन्म के साथी बन गए*

**मुंबई (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नवविवाहित जोड़े अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट को उनकी शादी के बाद आशीर्वाद दिया। मोदी यहां अंबानी परिवार के स्वामित्व वाले 'जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर' में आयोजित समारोह में शामिल होने पहुंचे, जिसका नाम 'शुभ आशीर्वाद' रखा गया है। नवविवाहित जोड़े ने मोदी के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।



मोदी का स्वागत मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी ने किया तथा उन्हें समारोह स्थल तक ले गए। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट शुक्रवार को मुंबई में एक भव्य समारोह में परिणय सूत्र में बंध गए। शनिवार के समारोह के लिए आमंत्रित अतिथि लगभग वही थे, जो एक दिन पहले शादी में शामिल हुए थे। समारोह में शामिल होने वालों में अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, सलमान खान और रणबीर कपूर, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव शामिल थे।

## महाराष्ट्रः ईडी ने धनशोधन के मामले में कई लोगों की संपत्तियां कुर्क कीं

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

■ 263 करोड़ रुपये के 'आयकर रिफंड' धोखाधड़ी से जुड़े केस में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई

महाराष्ट्र में 263 करोड़ रुपये के कथित 'आयकर रिफंड' धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की एक अधिकारी के पति सहित कई लोगों की संपत्तियां कुर्क की हैं।

एजेंसी ने बताया कि ईडी ने पुरुषोत्तम चव्हाण का मुंबई स्थित फ्लैट, राजेश बृजलाल बत्रेजा की लोनावाला और खंडाला की जमीन, अनिरुद्ध गांधी की बैंक में जमा राशि, आरोपी राजेश शेट्टी और भूषण अनंत पाटिल की बीमा योजनाएं और 14.02 करोड़ रुपये की कुछ सावधि जमाएं भी जब्त की हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ये संपत्तियां कुर्क की गई हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा पूर्व वरिष्ठ कर सहायक तानाजी मंडल अधिकारी और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के बाद धनशोधन का यह मामला उपजा, जिसमें आयकर विभाग से 263.95 करोड़ रुपये के टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) को धोखाधड़ी से प्राप्त करने का आरोप है। ईडी ने आरोप लगाया कि बत्रेजा ने अनिरूद्ध की मदद से धोखाधड़ी से प्राप्त 55.50 करोड़ रुपये की राशि को भारत से बाहर भेजने में अधिकारी और अन्य की मदद की थी। ईडी ने अधिकारी, पाटिल, शेट्टी, बत्रेजा और चव्हाण को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में पिछले साल सितंबर में अधिकारी और 10 अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

## आईएएस पूजा की मां बंदूक लहराते दिखीं, एफआईआर दर्ज, वायरल वीडियो पर महाराष्ट्र पुलिस ने लिया संज्ञान

■ मनोरमा खेडकर ने जबरन जमीन पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप

**पुणे (भाषा)।** महाराष्ट्र पुलिस ने आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के माता-पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आईएएस अधिकारी के परिजनों पर किसानों को धमकाने का आरोप है। पुलिस ने पूजा की माता मनोरमा खेडकर और पिता दिलीप खेडकर समेत पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई की गई है। हम इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या मनोरमा खेडकर के पास बंदूक का लाइसेंस है या नहीं। एक किसान कुलदीप पासलकर का आरोप है कि मनोरमा खेडकर ने जबरन उसकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की, उन्होंने अन्य किसानों को भी धमकाने का प्रयास किया। किसान ने बताया कि मनोरमा खेडकर कई सुरक्षाकर्मियों के साथ उनके प्लॉट पर पहुंची।




## पश्चिम बंगाल में ट्रक और एम्बुलेंस की टक्कर में छह लोगों की मौत

**कोलकाता(भाषा)।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम मेदिनीपुर जिले में शुक्रवार की रात ट्रक से भिड़ंत के बाद एंबुलेंस में सवार एक परिवार के चार सदस्यों समेत छह लोगों की मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार पास के अस्पताल में उपचाराधीन गंभीर रूप से घायल दो लोगों की पहचान की अभी पुष्टि नहीं हुई है। एम्बुलेंस से अपर्णा बेग नाम के मरीज को खिरपई के एक अस्पताल से मेदीनपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाते समय केशपुर से गुजरने वाले पंचमी राजकीय राजमार्ग के पास यह दुर्घटना हुई। मरीज के परिवार के सदस्यों और चालक समेत आठ लोगों को ले जा रही एंबुलेंस सीमेंट से लदे एक ट्रक से टकरा गई। मृतकों की पहचान अपर्णा की मां अनिमा, पति श्यामपदा , चाचा श्यामल भुनिया और चाची चंदना भुनिया के रूप में की गई है, जबकि दो अन्य की पहचान अभी नहीं हो पाई है।



### डोडा में बस खाई में गिरी, तीन की मौत, नौ की हालत गंभीर

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को एक बस के सड़क से फिसलकर 200 फुट गहरी खाई में गिर जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। यह दुर्घटना सुबह करीब 10:30 बजे भटयास के पास हुई, जब निजी मिनी बस भलेसा से थाथरी जा रही थी। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों को मौके पर ही एक महिला मृत मिली, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडन ने तिब्बत से संबंधित विधेयक पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन(भाषा)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन बढ़ाने और इस हिमालयी क्षेत्र के दर्जे व शासन से संबंधित विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन और दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने संबंधी एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद यह एक कानून बन गया है। चीन ने 'रिजॉल्व तिब्बत एक्ट' का विरोध करते हुए इसे अस्थिरता पैदा करने वाला कानून बताया था। बाइडन ने कहा कि आज, मैंने एस. 138, 'तिब्बत-चीन विवाद समाधान को बढ़ावा देने वाला अधिनियम' पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्य श्री थानेदार ने एच-1बी वीजा की उपलब्धता बढ़ाकर होनहार विदेशी छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में रहने के लिये प्रोत्साहित करने को विधेयक पेश किया है।

विदेशी छात्रों को अमेरिका में रहने को प्रोत्साहित करने को विधेयक पेश



### सिएटल में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने नए वीजा आवेदन केंद्रों की शुरुआत की

**ह्यूस्टन (भाषा)।** भारत ने अमेरिका के वाशिंगटन प्रांत के सिएटल शहर में दो नये वीजा एवं पासपोर्ट केंद्र शुरू किए हैं, जो इस देश के नौ प्रशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांतों में रहने वाले भारतीय समुदाय की जरूरतों को पूरा करेंगे। वाशिंगटन प्रांत में सिएटल और बेलेव्यू में दो केंद्रों का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। यह उद्घाटन सिएटल में नवीनतम भारतीय वाणिज्य दूतावास के खुलने के कुछ ही महीने बाद हुआ है। अन्य पांच मौजूदा भारतीय वाणिज्य दूतावास न्यूयॉर्क, अटलांटा, शिकागो, ह्यूस्टन और सैन फ्रांसिस्को में हैं।

यूएन में भारत के स्थायी मिशन प्रभारी रविंद्र बोले

# संरा को जारी रहेगी भारत की मदद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

■ संकटग्रस्त यूएन एजेंसी को जारी रहेगा 5 मिलियन का वार्षिक योगदान



इजरायल और हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीन को मदद करने वाली संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एजेंसी को भारत ने वित्तीय मदद जारी रखने का फैसला किया है। यूएन में भारत के स्थायी मिशन के प्रभारी (राजदूत) आर.रविंद्र ने कहा कि देश एजेंसी को 5 मिलियन डॉलर का अपना वार्षिक योगदान देना जारी रखेगा।

साथ ही आने वाले दिनों में इससे जुड़ी आधी राशि जारी करेगा। रविंद्र ने संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) की मदद के लिए एक संकल्प सम्मेलन में भारत का पक्ष रखते हुए यह जानकारी दी। यह एजेंसी फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता प्रदान करती है। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच पिछले साल अक्टूबर महीने से गाजा पट्टी में युद्ध चल रहा है। इसमें महिलाओं और बच्चों समेत कई बेकसूर नागरिकों की जान जा चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष की वजह से अंतरराष्ट्रीय एजेंसी इस वित्तीय संकट से जूझ रही है। उसके पास बजट की कमी इसलिए भी हुई है। क्योंकि इसके सबसे बड़े योगदानकर्ता अमेरिका और कुछ अन्य देशों ने यूएनआरडब्ल्यूए के कर्मचारियों के आतंकवाद में शामिल होने के आरोपों के बीच अपना भुगतान निलंबित कर दिया है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र की सहायता एजेंसी से इतर भी भारत फिलिस्तीन के लोगों के लिए एक विश्वसनीय भागीदार रहा है। बीते कुछ वर्षों में अलग-अलग रूपों में फिलिस्तीन को भारत द्वारा 120 मिलियन डॉलर की विकास सहायता प्रदान की गई है। इसमें यूएनआरडब्ल्यू को 35 मिलियन डॉलर का योगदान भी शामिल है।

### फलस्तीन के लिए धन मुहैया कराने की अपील

**संयुक्त राष्ट्र (एपी)।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने शुक्रवार को गाजा और पश्चिम एशिया के अन्य हिस्सों में फलस्तीनी शरणार्थियों की मदद करने वाली संरा की संकटग्रस्त एजेंसी का वित्तपोषण करने की अपील की है। उन्होंने इजराइल पर निकासी आदेश जारी करने का आरोप लगाया, जिससे फलस्तीनियों को 'विनाश और मौत के परिदृश्य में 'मानव पिनबॉल' की तरह एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।



### यूएन के युद्धाभ्यास का हिस्सा बनीं तटरक्षकबल की दो महिला अधिकारी

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत के लिए एक बेहद गर्व का क्षण का है। क्योंकि भारतीय तटरक्षकबल की दो महिला अधिकारी कमांडेंट प्रीति पोसवाल और कमांडेंट आशा दहिया संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएनओडीसी) द्वारा श्रीलंका में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय युद्धाभ्यास में देश का नेतृत्व कर रही हैं। यह युद्धाभ्यास 8 से 19 जुलाई तक चलेगा। तटरक्षकबल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। इसमें बताया कि बल की दो महिला अधिकारी श्रीलंका के त्रिंकोमाली में आयोजित इस वैश्विक समुद्री युद्धाभ्यास में भाग ले रही हैं। यह मूलरूप से एक समुद्री बोर्डिंग युद्धाभ्यास है। जिसका आयोजन यूएनओडीसी द्वारा रेडियोलॉजिकल और परमाणु घटना सिमुलेशन परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25